# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025


## चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को न यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया। इसके साथ ही न यूजीलैंड टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। 9 मार्च, रविवार को होने वाले सेमीफाइनल में न यूजीलैंड का सामना भारतीय टीम से होगा। फाइनल मैच दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में न यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल् लेबाजी करते हुए 362 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम 9 विकेट खोकर 312 रन ही बना सकी।



# 660 करोड़ के घोटाले में पहली बार आईएएस से पूछताछ, ईओडब्लू के अफसरों ने छह घंटे तक दागे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई की आड़ में हुए 660 करोड़ के महाघोटाले में पहली बार सीजीएमएससी के पूर्व एमडी एवं आईएएस अफसर चंद्रकांत वर्मा से ईओडब्लू की टीम ने पूछताछ की है। कार्पोरेशन में हुए दस्तावेजों की छानबीन गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी से मिली जानकारी के आधार पर लगभग 6 घंटे तक उन पर कई तरह के सवाल दागे गए हैं। मामले में जल्दी ही ईओडब्लू द्वारा दूसरी बड़ी कार्रवाई किए जाने की संभावना है। इस मामले से जुड़े मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा जेल में हैं। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू की टीम ने काफी दिनों तक चोपड़ा से मिली जानकारी के आधार पर सीजीएमएससी के कार्यालय जाकर दस्तावेजों को खंगालती रही। इस प्रकरण में कई बड़े अधिकारियों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। दवा कार्पोरेशन से कुछ महीने पहले हटाई गई एक महिला अधिकारी कई बार ईओडब्लू के चक्कर लगा चुकी है। इस मामले में सीजीएमएससी के तात्कालीन एमडी एवं आईएएस अधिकारी चंद्राकांत वर्मा को तलब किया गया था। दो दिन पहले उन्हें ईओडब्लू के कार्यालय में हुई गड़बड़ी के मामले में लंबी पूछताछ हुई है। स्वास्थ्य विभाग के इस सबसे बड़े घोटाले में दवा कार्पोरेशन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े कई अफसर शामिल हैं।

## दूसरे बड़े एक्शन की तैयारी, मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी अभी जेल में

### खराब हो रही दवाओं पर चुप्पी

इस प्रकरण में स्वास्थ्य केंद्रों में सप्लाई किया गया करोड़ों का केमिकल खराब हो चुका है और उतने की एक्सपायर होने की स्थिति में हैं। सप्लाई हुए सीबीसी सहित अन्य मशीनों का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। इन उपकरणों और रीएजेंट के सदुपयोग के दावे वर्तमान अधिकारियों द्वारा किया गया था मगर अब तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया है। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य केंद्रों तक जरूरी रीएजेंट और दवाओं की सप्लाई अब तक सामान्य नहीं हो पाई है।




महाघोटाले में कार्पोरेशन के साथ स्वास्थ्य विभाग के कई अफसर घेरे में

### न्यायिक रिमांड पर जेल

जनवरी के अंतिम दिन में विभिन्न ठिकानों में छापेमारी के बाद गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा अभी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। 24 फरवरी को उसकी न्यायिक रिमांड की अवधि बढ़ाई गई थी। उसकी अगली पेशी 9 मार्च को होगी।

### नहीं हटे अफसर

सीजीएमएससी में काम कर कुछ अफसरों को ईओडब्लू की जांच का हवाला देकर हटाने की सिफारिश की गई थी। विभागीय सहमति मिलने के बाद भी अब तक वे दवा कार्पोरेशन में अपनी सेवा दे रहे हैं। इन अफसरों की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर नए लोगों को जिम्मेदारी देने के मामले को ऊपरी दबाव के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसके अलावा सीजीएमएससी कार्यालय अभी भी कड़ी सुरक्षा में हैं। कार्यालय से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी के अलावा अन्य लोगों की भीतर एंट्री पर मनाही है।

## खबर संक्षेप

### मां गंगा की शीतकालीन पीठ पर पूजा करेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड का दौरा करेंगे। यहां वे मुखबा में मां गंगा की शीतकालीन पीठ पर पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी सुबह एक ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है।



### छह दिवसीय वार्षिक साहित्योत्सव कल से

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी का छह दिवसीय वार्षिक साहित्योत्सव 7 मार्च से शुरू हो रहा है। इस दौरान 100 से अधिक सत्रों में 700 से ज्यादा विख्यात लेखक और विद्वान भाग लेंगे। सात मार्च को इस साहित्योत्सव का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे।



### वरिष्ठ आईएएस जीईएम के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अजय भादू को सार्वजनिक खरीद मंच जीईएम का सीईओ नियुक्त किया है। वह विभाग में अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के अलावा यह भूमिका भी संभालेंगे। सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल नौ अगस्त, 2016 को केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए शुरू किया गया था।



### बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों ने पुलिस की एक चौकी पर ग्रेनेड से हमला कर दिया। हालांकि, इस घटना में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। मंगलवार रात करीब नौ बजकर 20 मिनट पर बारामूला के ओल्ड टाउन स्थित पुलिस चौकी के पास से विस्फोट की आवाज आवाज आई, जिससे लोग भयभीत हो गए।



## एसडीएम-पटवारी ने मिलीभगत कर दस्तावेज में किया हेरफेर, शासन को लगाया चूना

# भारतमाला...बड़ा घोटाला, विस में गूंजा

# एसडीएम के बाद अब तहसीलदार सस्पेंड

प्रदेश में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम तक बन रहे इकोनॉमिक कॉरिडोर में जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा में फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों पर राज्य शासन ने जांच रिपोर्ट आने के आठ माह बाद एक्शन प्रारंभ कर दिया है। मामले में तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू के बाद अब तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे को भी निलंबित कर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

बताया गया है कि मुआवजा बांटने के नाम पर अधिकारियों ने पैसों की बंदरबाट की। कई जमीनों का खसरा बदल दिया गया। कुछ जगहों पर पूर्व खसरे पर राशि का भुगतान कर दिया गया। अफसरों ने दस्तावेजों में हेर-फेर कर भू–माफिया की मदद से करोड़ों रुपए की अफरातफरी की थी। अभनपुर के ग्राम नायकबांधा और उरला में भू-माफिया ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर 159 खसरा बांट दिया। इसमें मुआवजा के लिए 80 नए नाम रिकॉर्ड में चढ़ा दिए गए। इससे मुआवजा राशि 29.5 करोड़ से बढ़कर 78 करोड़ पहुंच गई। इस प्रकार 43 करोड़ रुपए का घोटाला करने का मामला सामने आया था। मामले ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 246 करोड़ का मुआवजा बंटा

अभनपुर के ग्राम नायकबांधा और उरला में भू-माफिया ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन को छोटे टुकड़ों में काटकर 159 खसरे में बांट दिया। मुआवजा के लिए 80 नए नाम रिकॉर्ड में चढ़ा दिया गया। जिससे 559 मीटर जमीन की कीमत करीब 29.5 करोड़ से बढ़कर 78 करोड़ रुपए पहुंच गई। अभनपुर में 9.38 किलोमीटर के लिए 324 करोड़ ▶▶| शेष पेज 6 पर



### सर्वे के ठीक पहले ही जमीन का बंटवारा

जांच टीम ने अभनपुर इलाके में पदस्थ अधिकारियों ने बैक डेट में जाकर दस्तावेजों में गड़बड़ी की और जमीन मालिक को नुकसान पहुंचाया। इसका खुलासा इस बात से अफसरों ने किया कि अभनपुर के ग्राम नायक बांधा और उरला में चार एकड़ जमीन जो सर्वे से पहले एक परिवार के पास थी, वो सर्वे होने के ठीक कुछ दिन पहले एक ही परिवार के 14 लोगों के नाम ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भारतमाला प्रोजेक्ट रायपुर में 48.73 किलोमीटर होगी

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत मुंबई-कोलकाता इकोनामिक कारीडोर सड़क पर दुर्ग-रायपुर बाइपास का निर्माण किया जाना है। चार और छह लेन की यह सड़क छत्तीसगढ़ में कुल 92.230 किमी लंबाई की होगी। यह सड़क राजनांदगांव जिले के टेडेसरा गांव से शुरू होकर रायपुर जिले के पारागांव में समाप्त होगी। रायपुर जिले में सड़क की कुल लंबाई 48.73 कि.मी. होगी। सड़क में अभनपुर अनुभाग के ▶▶| शेष पेज 6 पर

डॉ. रमन ने इसे अत्यंत खेदजनक बताते हुए अधिकारियों से कहा- समय पर दें जवाब

### *भारतमाला प्रोजेक्ट का जवाब आधे घंटे पहले मिलने पर बिफरे महंत*






*छत्तीसगढ़ विधानसभा में भारतमाला परियोजना में प्रभावितों को मुआवजा में गड़बड़ी मामले में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने अध्यक्ष के निर्देश के बावजूद प्रश्न का उत्तर आधे घंटे पहले मिलने पर आपत्ति जताई। उन्होंने व्यवस्था पर प्रश्न उठाते हुए कहा, मुझे प्रश्न का उत्तर अभी आधे घंटे पहले मिला, इसे इतनी देर में पढ़ा भी नहीं जा सकता। यह पिछले हफ्ते का प्रश्न था, जिसे आज के लिए लेना तय* ▶▶| शेष पेज 6 पर

12 करोड़ के सोने की तस्करी

## रान्या बोलीं-तस्करी के लिए किया ब्लैकमेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव कोको डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने बेंगलुरु एयरपोर्ट पर दबोच लिया, जब वह कथित तौर पर 12 करोड़ रुपए के सोने की तस्करी करने की कोशिश कर रही थीं। जांच के दौरान राव ने दावा किया कि उन्हें सोने की तस्करी के लिए ब्लैकमेल किया गया था। हालांकि किसने ब्लैकमेल किया, इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने कांस्टेबल बसवराजू को भी हिरासत में लिया। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### डीजीपी पिता बोले-हैरान और हताश

मामले पर रान्या राव के पिता और कर्नाटक राज्य पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के डीजीपी रामचंद्र राव ने कहा, जब मीडिया के जरिए ऐसी घटना मेरे संज्ञान में आई तो मैं भी हैरान और हताश हो गया। मुझे इनमें से किसी भी चीज के बारे में पता नहीं था, किसी भी दूसरे पिता की तरह मैं भी हैरान था। वो हमारे साथ नहीं रह रही है, वो अपने पति के साथ अलग रह रही है।

### रान्या क्यों थी शक के घेरे में?

सूत्रों के अनुसार, रान्या राव पिछले कुछ महीनों में कई बार खाड़ी देशों के छोटे-छोटे ट्रिप्स पर जा रही थीं। उनकी इन शॉर्ट विजिट्स पर पहले से ही डीआरआई की नजर थी। लगातार विदेश यात्राओं और संदिग्ध गतिविधियों के कारण उन पर पहले से ही शक था और आखिरकार उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

## जिपं दुर्ग में बड़ा ड्रामा, कांग्रेस की उम्मीदवार गायब भाजपा प्रत्याशी ने दर्ज की निर्विरोध जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खास खबर

जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पूरा समीकरण बनाकर नामांकन भरने पहुंचे कांग्रेस के नेताओं को उल्टे पांव लौटना पड़ा गया। नामांकन दाखिल करने के पहले ही कांग्रेस की उम्मीदवार गायब हो गई। जिससे संगठन से लेकर राज्य स्तर के नेताओं के बीच खलबली मच गई। हालात यह रहे कि ▶▶| शेष पेज 6 पर



- जिला पंचायत आने से पहले ऊषा सोनवानी गायब, थाने में शिकायत
- अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के उम्मीदवारों ने दर्ज की जीत

### थाने में की शिकायत

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे ने बताया कि उनके सभी सदस्य रात को उनके साथ ही थे। सुबह सीधे जिला पंचायत जाने की बात हुई थी। इस बीच सुबह ऊषा सोनवानी गायब हो गई। उन्होंने बताया कि उनके परिजनों ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई हैं।

### मणिपुर में लगातार दो बार भूकंप के झटके

**शिलांग/इंफाल/गुवाहाटी।** मणिपुर में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें से एक भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर में महसूस किए गए। शिलांग में क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, राज्य में पूर्वाह्न 11 बजकर छह मिनट पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र इंफाल पूर्वी जिले के यायरिपोक से 44 किलोमीटर पूर्व में और 110 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके असम, मेघालय और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए।

अलग-अलग जिलों के स्कूल के आधा दर्जन शिक्षकों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई

## आधा दर्जन शिक्षकों के तबादले का फर्जी आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कर अलग-अलग जिलों में आधा दर्जन शिक्षकों के ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने इसकी लिखित शिकायत राखी थाने में दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। फर्जी हस्ताक्षर कर ट्रांसफर जारी करने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर सकती है।

स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव के नाम से फर्जी ट्रांसफर सूची जारी करने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### फर्जी ट्रांसफर आदेश में यह है

शिक्षकों का फर्जी ट्रांसफर आदेश जारी किया गया है, वह हूबहू सरकारी आदेश की ओरिजनल आदेश कॉपी की तरह है। आदेश कॉपी में क्रमांक एफ 3-27/ 2025/20 - तीन राज्य शासन एतद द्वारा निम्नलिखित शासकीय सेवकों का स्थानांतरण उनके नाम के सम्मुख करते हुए ▶▶| शेष पेज 6 पर

ऐसा पहली बार जब पत्नी जीती और पति ने ली शपथ

**ग्राम पंचायत परसवारा सचिव प्रणवीर सिंह ठाकुर सस्पेंड**

## महिला पंचों की गैर मौजूदगी में उनके पतियों को शपथ दिलाने पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

हरिभूमि फॉलोअप

नवनिर्वाचित पंच प्रतिनिधियों के प्रथम सम्मिलन में महिला पंचों के अनुपस्थिति में उनके पतियों को नियम विरुद्ध पंच पद का शपथ दिलाए जाने वाले पंचायत सचिव को जांच के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दोषी ग्राम पंचायत परसवारा के सचिव प्रणीवर ▶▶| शेष पेज 6 पर




### जांच में माना गया दोषी

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंडरिया द्वारा प्रथम दृष्ट्या सचिव को दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 में निहित प्रावधानों के अनुसार प्रणवीर सिंह ठाकुर को निलंबित करते हुए जनपद ▶▶| शेष पेज 6 पर

### हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मामला

ग्राम पंचायत परसवारा के सचिव द्वारा नवनिर्वाचित पंच प्रतिनिधियों के प्रथम सम्मिलन में महिला पंचों के अनुपस्थिति में उनके पतियों को नियम विरुद्ध पंच पद की शपथ दिलाए जाने के मामले को हरिभूमि ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई।





## अप्रैल आने के पहले ही जलप्रपातों की धारा हुई पतली...


जगदलपुर/दरभा। अपनी गर्जना के लिए मशहूर बस्तर जिले के चित्रकोट और तिरथगढ़ जलप्रपात का पानी की धारा पतली होने से आकर्षण कम हो रहा है। गर्मी आने से पहले ही इंद्रावती नदी का जल कम होने से पतली धारा के रूप में पानी गिर रही है। यहां 90 फीट ऊंचाई से बारिश के समय गिरती जलधारा को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। चित्रकोट जलप्रपात की तुलना नियाग्रा जल प्रपात से की जाती है। ओडिशा में बड़े-बड़े डेम बनने से गर्मी आने से पहले ही इंद्रावती का पानी बस्तर में कम हो जाता है। वहीं तिरथगढ़ में मुनगाबहार का पानी 300 फीट ऊपर से गिरता है। काली चट्टानों पर दुधिया पानी की धारा देखने लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हालांकि इस समय भी दोनों ही जलप्रपात को देखने पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। कोरिया जिले के अमृतधारा जलप्रपात में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलधारा कमजोर होने लगी है। यह जलप्रपात एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत लाई के समीप स्थित है और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन तापमान बढ़ने के साथ ही जल प्रवाह में कमी देखी जा रही है।



चित्रकोट



तिरथगढ़



अमृत धारा

## हाईकोर्ट की खबरें

### भूमि अतिक्रमण पर बालको से जवाब तलब

**बिलासपुर।** बालको कंपनी ने कोरबा में कांक्रीट प्रोडक्शन के लिये बड़े पैमाने पर शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर अपना काम शुरू कर दिया है। नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे उत्पादन और अतिक्रमण को चुनौती देते हुए पेश जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने बालको प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब माँगा है। याचिका के मुताबिक बालको कंपनी ने कोरबा शांति नगर में कूलिंग टावर के ही करीब बेचिंग प्लांट शुरू किया है। यहां कांक्रीट का उत्पादन किया जा रहा है। इस इलाके में पहले से ही रहते आ रहे 87 परिवारों को विस्थापित करते हुए उनके व्यवस्थापन का इंतजाम किया गया था। इसी जगह बाद में हुए सर्वे में 46 प्रभावित परिवार और सामने आए। इनके लिए बालको ने अब तक कुछ नहीं किया है। सामाजिक कार्यकर्ता डिलेन्द्र यादव ने पहले जो शिकायत की थी उस पर कोरबा कलेक्टर ने जांच समिति बनाई।

### त्रिपाठी की याचिका पर ईओडब्ल्यू को नोटिस

**बिलासपुर।** शराब घोटाले के मामले में आबकारी विभाग के निलंबित अफसर अरुणपति त्रिपाठी की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर हाई कोर्ट ने सुनवाई की। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच में हुई इस सुनवाई के बाद आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा गया है। त्रिपाठी की ओर से हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि धारा 9 के तहत इस तरह के मामलों में पहले राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक है, जो कि इस मामले में नहीं ली गई थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस केस की अगली सुनवाई 17 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

### डोलामाइट की माइनिंग हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

**बिलासपुर।** जैजैपुर तहसील के अकलसरा ग्राम पंचायत में नियम विपरीत की जा रही डोलामाईट माइनिंग के मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई कर शासन और लीज ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। याचिका के मुताबिक अरविन्द सोनी को डोलामाईट खदान लीज पर प्राप्त हुई थी। शासकीय शाला से करीब 700 मित्र दूर पर ही विस्फोटक लगाकर काम किया जा रहा है। यह माइनिंग सड़क से बिल्कुल करीब ही की जा रही है, स्कूल भी पास होने के कारण इसके भवन में कई जगह क्रेक आ गया है। इसी गाँव में सार्वजानिक उपयोग हेतु निर्धारित बैजंती नाले को भी सोनी ने पटवाकर एक धर्मकांटा लगा लिया है। नाला पाटने के कारण ग्रामीणों की निस्तारी का साधन बंद हो गया है। इससे पहले जिला पंचायत सीईओ, जिला कलेक्टर और सीएम ऑफिस रायपुर तक लोगों ने शिकायत की। इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ तो संजू चंद्रा व अन्य ने एडवोकेट जयप्रकाश शुक्ला के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की।

## दुर्ग में हुआ ड्रामा, कोरिया में पूर्व मंत्री की अड़ेबाजी

# 16 जिला पंचायतों में भाजपा का परचम लहराया सभी जगह अध्यक्ष बने, दुर्ग में बड़ा उलटफेर

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** पार्लियामेंट से पंचायत तक के संकल्प को पूरा करने में भाजपा एक और कदम आगे बढ़ गई। बुधवार को हुए 16 जिला पंचायतों में सभी जगह भाजपा के अध्यक्ष बन गए। कांग्रेस के हाथ खाली रह गए। दुर्ग में एक हैरतअंगेज घटनाक्रम में कांग्रेस की प्रत्याशी अचानक लापता हो गई। वहीं दूसरी ओर कोरिया में जिला पंचायत चुनाव में उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति निर्मित हो गई, जब भाजपा समर्थित दो प्रत्याशी मैदान में उतर गए। पार्टी ने मोहित राम पैकरा को अधिकृत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन पूर्व मंत्री भैय्यालाल राजवाड़े इसके खिलाफ थे। विरोध के बाद भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी मोहितराम पैकरा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इसी प्रकार 19 जनपद पंचायत में सरगुजा, कवर्धा, रायगढ़, सूरजपुर, राजनांदगांव, कोंडागांव एवं बालोद जिले में अध्यक्ष निर्वाचन का चुनाव हुआ। जिसमें बीजेपी के कार्यकर्ता विजयी हुए।



### बस्तर में भाजपा का शानदार परफार्मेंस

बस्तर में भारतीय जनता पार्टी ने इस बार पंचायत चुनावों में भी शानदार परफार्मेंस दिखाया है। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर वेदवती कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। वहीं बलदेव मंडावी उपाध्यक्ष बन गए। वेदवती कश्यप पूर्व भाजपाई संसद दिनेश कश्यप की धर्मपत्नी और मंत्री केदार कश्यप की भाभी है।

### कांकेर में कांग्रेस का एक वोट क्रॉस

जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से किरण नरेटी ने और कांग्रेस से झरना ध्रुव ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के उपरांत मतगणना प्रारंभ हुआ, जिसमें भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण नरेटी को 10 और कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी झरना ध्रवु को 03 मत मिले। कांग्रेस का एक वोट क्रॉस हो जाने से कांग्रेसियों के चेहरे उतर गए। उपाध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनी तारा ठाकुर और कांग्रेस की ओर से सुलोचना मेश्राम ने नामांकन दाखिल किया । तारा ठाकुर जीती।

### दंतेवाड़ा में हुआ टॉस से फैसला

दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को बराबर 5-5 मत मिले। इसके बाद टॉस से अध्यक्ष पद का फैसला हुआ, जिसमें भाजपा के नंदलाल मुडामी ने जीत हासिल की। वहीं, गरियाबंद जिला पंचायत में गौरीशंकर कश्यप, सूरजपुर से चंद्रमणि निर्विरोध, बस्तर जिला पंचायत में वेतमति कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बीजापुर जिला पंचायत से भाजपा की जानकी कोर्स ने जीत हांसिल की है।



### कोरिया में मोहित अध्यक्ष वंदना निर्विरोध उपाध्यक्ष

कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मोहित पैकरा और उपाध्यक्ष पदपर वंदना राजवाड़े निर्वाचित हुए हैं। भारी गहमागहमी के बीच निर्वाचन प्रक्रियाके दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुधवार को जिला पंचायत कोरिया में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रियापूर्ण हुई।

### जांजगीर-चांपा में दस साल बाद भाजपा की वापसी

जिले की सबसे बड़ी पंचायत में 10 साल बाद भाजपा की वापसी हुई है। खास बात यह है कि जिला पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे। लिहाजा जिला पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्विरोध बने है।

### कोरबा में पवन अध्यक्ष, निकिता बनी उपाध्यक्ष

जनपद पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्वाचन के बाद बुधवार को जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। पवन सिंह जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वहीं निकिता मुकेश जायसवाल उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं। कलेक्ट्रेट में हुए निर्वाचन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरु हो गई थी।

### एमएमसी में नम्रता और केसीडी में प्रियंका

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में संपन्न हुए जिला पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित नम्रता सिंह निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भोजेश शाह मांडवी निर्वाचित हुए। वहीं, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई जिले में प्रियंका खम्मन ताम्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह निर्वाचित हुए।

### बेमेतरा में भी भाजपा की एक-तरफा जीत

बेमेतरा जिले में जिला पंचायत की 14 सीटों में से भाजपा समर्थित अध्यक्ष प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी ने 10 मत प्राप्त किए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी शशिप्रभा गायकवाड़ को सिर्फ 4 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा की खुशबू वर्मा ने 10 वोट लेकर सुशीला जोशी को मात दी।

### सक्ती में निर्विरोध बने अध्यक्ष- उपाध्यक्ष

जिले में पहली बार हुए जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने हैं। भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी श्रीमती द्रोपती कीर्तन चंद्रा ने जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। वहीं उपाध्यक्ष के लिए भाजपा के ही कमल किशोर पटेल ने अपना नामांकन जमा किया। और निर्विरोध हो गए।

### विधायक पति को करना पडा हार का सामना

सरगुजा संभाग के बलरामपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष की सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया है। यहां भाजपा विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के पति सिद्धनाथ पैकरा को हार का सामना करना पड़ा।

## दुर्ग में 22 कट्टा चॉवल जब्त

# पीडीएस चावल तस्करी का बड़ा खेल, मालवाहक ऑटो में चावल बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

जिले में पीडीएस चॉवल तस्करी का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक आटो सीजी 07 सीई 2901 में चॉवल लादकर लेकर राइस मिल जा रहे चालक को पकड़ा गया। जिसमें 22 कट्टा चावल जब्त किया है। आटो चालक का नाम प्रगति नगर कैम्प 1 सुरेश कश्यप है। उसने फुड विभाग को बताया कि उक्त चावल को बैकुंठधाम पानी टंकी के पास से जेवरा सिरसा रोड लेकर जा रहा था। कैंप 1 भिलाई निवासी सत्यम यादव और सूर्या तिवारी ने बुधवार दोपहर चावल से लोड जा रही आटो को चिखली चौक के पास पकड़ा था।

### बड़े तस्करों पर खाद्य विभाग की चुप्पी

खुर्सीपार क्षेत्र में पीडीएस चॉवल की तस्करी में त्रिवेदी उर्फ सोनू का नाम प्रमुखता से आता रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की तगडी सेटिंग के कारण आज तक उस पर मेहरबानी कर बैठी है। उसका छुटभैया बंटी पांडे उसे संरक्षण दे रखा है। दोनों की जोड़ी ने गरीबों के चॉवल की तस्करी में जमकर चांदी काट रहें है। खाद्य विभाग के नियम विपरित काम करने वाले उक्त दोनो लोगों पर अर्से से मेहरबानी खाद्य विभाग की बनी हुई है। हरिभूमि ने दोनों के बारे में जिले के खाद्य विभाग को आईना दिखाने का प्रयास किया लेकिन विभाग चुप्पी साधे बैठने से कई संदेह को जन्म दे रहा है।

### चॉवल जब्त किया गया है

आटो से 22 कट्टा चॉवल जब्त किया गया है। सेम्पल रायपुर नान को भेजा गया है। जांच में पुष्टि हो जाएगा कि चॉवल पीडीएस का है या नहीं। जब्त चॉवल में दो लोगों का नाम सामने आया है।

-टीएस अतरी
खाद्य अधिकारी, दुर्ग

### चावल मामले में दो के नाम आए

आटो पकड़ने वाले दोनों युवको ने आटो चालक सुरेश कश्यप से वीडियो बनाते हुए पूछने पर आटो में लोड चावल सूरज साव का होना बताया है। लेकिन बाद में खाद्य विभाग को दिए बयान में बदल गया। उसने कहा कि पकड़ा गया चावल डबलू का होना स्वीकार किया। जबकि सूरज साव से पूछने पर उसने चावल उसका होने से इंकार कर दिया। बल्कि चावल डबलू का होना बताया है। जबकि डबलू ने बताया कि उसका चावल पकड़ा गया होता तो वो घर में सोता नहीं उसे छुड़ाने गया होता। चावल छुड़ाने के लिए सूरज साव गया था। वो चावल सूरज साव का है। जो भी आरोप लगा रहे है गलत है।

### थम नहीं रहा पीलिया 30 संभावित मरीज मिले

भिलाई। खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 42 गौतम नगर में पीलिया थमने का नाम नहीं ले रहा। प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा 492 घरों का भ्रमण किया गया। जिसमें बुखार के 4 मरीज मिले। बुधवार संभावित पीलिया के 30 मरीज मिले जिसमें से 13 सैंपल किया गया व 7 पीलिया से ग्रसित मरीज मिले। नगर निगम की सहायता से जांच हेतु मोबाईल मेडिकल यूनिट प्रभावित क्षेत्र में लगाया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग आम जनता से अपील करता है कि उल्टी लगना, भूख न लगना, थकान महसूस होना, पेट में लगातार दर्द होना, बुखार आना जैसे पीलिया संबंधी लक्षण दिखायी देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें।

## एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के बेरोजगारों के लिए थी योजनाएं

# स्व-रोजगार देने शुरू की गईं 28 में से 26 योजनाएं बंद, विभागों में फंड ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि खास

एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के बेरोजगारों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने अंत्यावसायी विभाग में 28 योजनाएं शुरू की गई थी। हाल यह है कि वर्तमान में इनमें से सिर्फ 2 ही योजनाएं चल रही हैं। बाकी की 26 योजनाएं बंद हो चुकी हैं क्योंकि योजनाओं को संचालित करने के लिए विभाग के पास फंड ही नहीं है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन योजनाओं के तहत 20 हजार रुपए से लेकर 30 लाख रुपए तक कम ब्याज दर पर ऋण आसान किस्तों में उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा कुछ योजनाओं में अनुदान राशि का प्रावधान भी है। इन योजनाओं के तहत पूर्व में प्रदेशभर में लाखों लोग लाभान्वित भी हो चुके हैं, लेकिन कोरोना काल से इनमें से अधिक योजनाएं बंद पड़ी है। इसके कारण इन योजनाओं का लाभ पाने बेरोजगार लोग विभागीय कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं।



### भेजा गया है प्रस्ताव

योजनाओं को पुनः शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। फंड जारी नहीं होने के कारण योजनाएं बंद हैं। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद योजनाएं दोबारा शुरू हो जाएंगी।

- लक्ष्मी कश्यप,
कार्यक्रम अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग निगम

### इन योजनाओं का अब नहीं मिल रहा लाभ

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतर्गत आदिवासी महिला सशक्तीकरण, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, ट्रेक्टरट्रॉली, डीजल-ऑटो रिक्शा, स्मॉल बिजनेस 1 व 2 शिक्षा ऋण। पिछड़ा वर्ग अंतर्गत टर्म लोन, व्यक्ति मूलक-टर्म लोन, न्यू स्वर्णिमा, शिक्षा ऋण। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए टर्म लोन एवं शिक्षा ऋण। सफाई कामगार वर्ग के लिए माइक्रो क्रेडिट, महिला समृद्धि, महिला अधिकारिता, मालवाहक ऑटो रिक्शा योजना शामिल है। इसके साथ ही मिनीमाता स्वावलंबन योजना 5 साल से बंद है। इस योजना के तहत 3 वर्ष तक नियमित किस्त जमा करने पर 75 प्रतिशत प्रोत्साहन लाभ देने का प्रावधान है।

## हर महीने दो दर्जन से अधिक सर्पदंश के मामले आ रहे सामने


# मुआवजा लेने का बदला तरीका, अब जहां सांप ने काटा वहां की चमड़ी को नमक में लपेटकर करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांप के काटने पर जांच उपरांत पीड़ित परिवारों को मिलने वाले मुआवजे के तरीके में अब बदलाव कर दिया गया है। मुआवजे की अर्जी लगाने वालों के लिए रीजनल फॉरेंसिक लैब द्वारा अब एक नया निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत सर्पदंश के मामलों में जांच के लिए सैंपल जमा करने के तरीके में बदलाव कर दिया गया है। अब सर्पदंश के मामलों में विवेचकों को पीड़ित या मृतक के शरीर के जिस हिस्से में सांप ने काटा होगा, उस हिस्से की चमड़ी को काटकर नमक में लपेटकर लैब में जमा करना होगा। ऐसा करने पर ही यह तय होगा कि पीड़ित को मुआजवा दिया जाएगा या नहीं। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों रीजनल फॉरेंसिक लैब के इंचार्ज ने दुर्ग एवं राजनांदगांव संभाग के आईजी एवं एसपी को एक पत्र जारी किया है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जिस तरीके से सर्पदंश के मामलों में सैंपल जमा हो रहे हैं, उससे जांच किए जाने पर सटीक रिपोर्ट नहीं आ रही है।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम

राजनांदगांव जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां भले ही एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त व्यवस्था हो, लेकिन चिकित्सकों की कमी की वजह से देर रात आने वाले मामले में इलाज का अभाव भी देखने को मिलता है। वहीं मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवरत्न ने बताया कि सर्पदंश के मामलों को देखते हुए विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 936 एंटी स्नेक वेनम पहुंचा दी गई है, जो स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



### सालभर में पौने दो सौ मामले

राजनांदगांव जिले में 1 वर्ष के भीतर सर्पदंश के 173 मामले शासकीय अस्पतालों में आए हैं। वनांचल क्षेत्र छुरिया, डोंगरगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अधिकांश सर्पदंश के मामले आते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सर्पदंश से पीड़ित एक-दो मरीज पहुंचते हैं। यहां महीनेभर में लगभग 20-25 सर्पदंश के मामले मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचते हैं। जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों सहित लगभग 60 से 70 मामले सर्पदंश के आते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### शराब की कीमतें प्रति बोतल

| नाम | छग | एमपी | महाराष्ट्र | दिल्ली | हरियाणा |
|---|---|---|---|---|---|
| आरएस | 900 | 750 | 800 | 500 | 500 |
| आरसी | 900 | 500 | 700 | 500 | 550 |
| रेड लेबल | 2200 | 1800 | 2000 | 1500 | 1500 |
| सिगनेचर | 1200 | 1100 | 1000 | 800 | 900 |
| टीचर्स50 | 2000 | 1700 | 1900 | 1400 | 1300 |
| ब्लेंडर | 1200 | 1000 | 1000 | 750 | 800 |

नोट- छग में एस्ट्रा डयूटी को खत्म करने के बाद होने वाले संभावित रेट का उल्लेख किया गया है



दिल्ली और हरियाणा से पहुंच रही विदेशी शराब


छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए की शराब प्रतिवर्ष खपाई जा रही

# एक्सट्रा ड्यूटी खत्म होगी, फिर भी दिल्ली, हरियाणा, मप्र से छग में शराब सबसे ज्यादा महंगी रहेगी, ऐसे में कैसे रुकेगी तस्करी

भिलाई-आलोक तिवारी/ राजनांदगांव-सचिन अग्रहरि

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा नई आबकारी नीति को मंजूरी देने के साथ ही विदेशी शराब पर लगने वाली करीब साढ़े नौ फीसदी की एक्स्ट्रा ड्यूटी को समाप्त करने का ऐलान किया गया है। इस घोषणा से छत्तीसगढ़ में शराब के दाम जरूर कम हो जाएंगे लेकिन प्रदेश में व्यापक पैमाने पर जारी महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, दिल्ली और पंजाब से शराब की अवैध तस्करी पर ▶▶|शेष पेज 6 पर




### ठेकेदार दे रहे 40 फीसदी कमीशन

प्रदेश के मुकाबले महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में शराब की बोतल की कीमत पहले से ही काफी कम है। इसके बाद भी उन प्रदेशों के शराब ठेकेदार तस्करों को करीब 40 फीसदी तक कमीशन भी दे रहे है। यहीं कारण है ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कार्रवाई के लिए अमला भी नहीं

प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा जिलो की सीमाओ के जरिए पड़ोसी राज्यो से शराब की अवैध तस्करी की जाती है। कई दफा तस्करों को पकड़ा भी जाता है लेकिन अधिकांश मामलों में तस्कर महकमे से बचकर सप्लाई करने में सफल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कम नहीं होगा देशी शराब का रेट?

नई आबकारी नीति के मुताबिक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के मदिरा क्रय की दर पर 9.5% राशि के बराबर होता है, इसे खत्म किया जा रहा है। इससे अंग्रेजी शराब जो मीडियम रेंज और हाई रेंज की हैं, उनके दाम कम होंगे। चीप शराब जैसे गोवा या इससे निचली स्तर की शराब की कीमतों में भी कमी की तैयारी की गई है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हाई रेंज की शराब की सबसे ज्यादा कालाबाजारी

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाई रेंज की शराब की सबसे ज्यादा कालाबाजारी होती है। एमपी और महाराष्ट्र के रास्ते ये शराब छत्तीसगढ़ पहुंचती हैं। प्रदेश में मिडियम रेंज में मेगडावल नंबर-1, बीपी, आईबी, आरएस, आरसी, सिग्नेचर की ज्यादा खबर है। हाई रेंड में लोग 100 पाइपर, रेड लेबल, ब्लैक डॉग, ब्लैक एंड वाइट पसंद करते हैं। गोवा जहां इस समय 520 रुपए बोतल के हिसाब से बिक रही है। वहीं नंबर-1, बीपी, आईपी 840 रुपए में मिल रही। आरएस, आरसी, सिग्नेचर, ब्लंडर स्प्राइड ▶▶|शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### देशभर से दो महीनों में 61 भगोड़े गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पुलिस ने इस साल के पहले दो महीनों में देशभर से 61 भगोड़ों को गिरफ्तार किया है। इनमें हत्या सहित अन्य अपराधों में संलिप्त व्यक्ति शामिल हैं। किसी व्यक्ति को भगोड़ा तब घोषित किया जाता है, जब वह जांच के चरण में या सुनवाई के दौरान कानून की प्रक्रिया से बचता है।

### राइफल से गोली लगने से जवान की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के कमालकोट सेक्टर में सेना के एक जवान की सर्विस राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जवान की पहचान आंध्र प्रदेश के रहने वाले नायक बी टी राव (25) के रूप में हुई है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 42.35 लाख की ठगी



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पैथोलॉजी लैब के मालिक के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी कर कथित तौर पर 42.35 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। एक जालसाज ने बदलापुर क्षेत्र के बेलावली निवासी पीड़ित से फोन पर संपर्क किया। उसे शेयरों में निवेश करने का झांसा देकर आकर्षक लाभ का वादा किया।

### टायर फटने से बेकाबू हुई कार, दो की मौत



**लखनऊ।** लखनऊ के हसनगंज इलाके में बुधवार को टायर फटने से बेकाबू हुई कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। यह घटना हसनगंज थाना क्षेत्र के नदवा रोड पर रात करीब एक बजे हुई जब तेज गति से जा रही एक कार टायर फटने से अनियंत्रित हो गई। उसने डिवाइडर पर सो रहे चार लोगों को कुचल दिया।

### गांव से हेरोइन बरामद तस्कर की तलाश



**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर के जंडियाला के देवीदासपुरा गांव से पुलिस ने 23 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। मादक पदार्थ की इस खेप का संबंध अमेरिका के एक तस्कर द्वारा संचालित तस्करी के नेटवर्क से है। यह खेप अमेरिका में मौजूद तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी हुई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया बड़ा ऐलान

# भारत और चीन के खिलाफ 2 अप्रैल से अमेरिका लागू करेगा जवाबी शुल्क

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे 'बेहद अनुचित' करार दिया। ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अगले महीने से जवाबी शुल्क लगाए जाएंगे। राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क को लेकर अपना पक्ष रखा और कहा कि ये दो अप्रैल से लगाए जाएंगे। वह अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगाना चाहते हैं, जो वे देश अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए हैं और अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल करें। यूरोपीय संघ (ईयू), चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है। ऐसे अनेक देश हैं जो हमारी तुलना में हमसे बहुत अधिक शुल्क वसूलते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ▶▶|शेष पेज 6 पर

*टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 5 मार्च को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने साफतौर पर कहा कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उसपर उतना टैरिफ लगाएंगे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और चीन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत हम पर 100 प्रतिशत ऑटो टैरिफ लगाता है। भारत समेत चीन, मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर टैरिफ लगाएंगे।*

### ट्रंप ने क्यों चुनी 2 अप्रैल की तारीख?

सवाल ये है कि ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के लिए 2 अप्रैल का ही दिन क्यों चुना? इसका जवाब खुद ट्रंप ने ही दिया। उन्होंने कहा कि वह 1 अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लगाना चाहते थे, लेकिन "अप्रैल फूल डे" का आरोप नहीं लगाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील और भारत जैसे देश अमेरिका पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ से कहीं ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। उन्होंने इस स्थिति को अनुचित बताया। ट्रंप ने यह स्पष्ट कर दिया कि जो देश अपने उत्पाद अमेरिका में नहीं बनाते हैं, उन्हें टैरिफ देना होगा और कुछ मामलों में तो हम बड़ी मात्रा में टैरिफ लगाएंगे।

**खास बातें**

- चीन, मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान



### ऐसे समझें, कितना फायदा-कितना नुकसान

*अमेरिका का कोई व्यक्ति अगर भारत से कार मंगाता है तो 10 लाख कीमत वाली कार के लिए उसे आयात शुल्क के साथ करीब 12 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ सकता है। दूसरी तरफ अगर भारत का कोई शख्स अमेरिकी कार खरीदता है तो उसे ज्यादा आयात शुल्क की वजह से 20 लाख रुपए चुकाने पड़ेंगे। यह कीमतें इन उत्पादों को पहुंचाने की कीमत (डिलीवरी फीस) को जोड़े बिना है।*

### रेसिप्रोकल टैरिफ क्या है

रेसिप्रोकल टैरिफ यानी परस्पर और जवाबी टैरिफ को समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर टैरिफ, जिन्हें आयात शुल्क भी कहा जाता है, वह क्या होते हैं? आसान भाषा में समझें तो टैरिफ वह शुल्क होता है, जो कोई देश किसी अन्य देश से आयात होने वाले सामान पर लगाता है।

### भारत पर ट्रंप के फैसले का असर

- आयात शुल्क घटने के बाद भारत में अमेरिकी उत्पादों की कीमतें कम हो जाएंगी। हालांकि, इससे रुपया कमजोर होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि उसकी मांग कम हो जाएगी। इसी तरह मांग बढ़ने की वजह से डॉलर और मजबूत होता जाएगा।
- अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क घटता है तो भारतीय आयकर के दायरे से बची हुई रकम को सस्ते होने वाले अमेरिकी उत्पादों पर खर्च कर सकते हैं।
- भारतीयों का धन अमेरिकी व्यापारियों को फायदा पहुंचाएगा और अमेरिकी जीडीपी तेजी से बढ़ना शुरू हो जाएगी।
- घरेलू उत्पादों की मांग कम होने से देश की जीडीपी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।
- आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम पर भी पड़ सकता है, क्योंकि कम दर से उपभोक्ता अमेरिकी उत्पादों में ज्यादा रुचि दिखा सकते हैं।

# 49 किसानों की याचिका पर केंद्र-राज्य से मांगा जवाब



- गारे कोल ब्लाक भू अधिग्रहण मामला
- प्रभावित किसानों की याचिका पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गारे फोर बाई सिक्स कोल ब्लॉक भू अधिग्रहण से प्रभावित 49 किसानों की याचिका पर राज्य सरकार, केंद्र सरकार, कलेक्टर रायगढ़, एसडीओ घरघोड़ा और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में किसानों ने नया भूमि अधिग्रहण कानून बनाए जाने के बावजूद छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 247 के तहत किए जा रहे भूमि अधिग्रहण ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भू अधिग्रहण की कार्रवाई असंवैधानिक

याचिकाकर्ताओं की तरफ से यह भी बताया गया कि नया भूमि अधिग्रहण कानून पुनर्वास और पुनर्स्थापना पर प्रभावित व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देता है। इस नए भू अधिग्रहण कानून के आने के पश्चात भू राजस्व संहिता की धारा 247 में राज्य की विधानसभा ने केवल मुआवजे के संबंध में नए कानून लागू होने का संशोधन किया परंतु पुनर्वास और पुनर्स्थापना के आदि पर कोई भी संशोधन नहीं है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### प्रति एकड़ भूमि मुआवजे को भी चुनौती

याचिका में 2010 की राज्य सरकार की उस अधिसूचना को भी चुनौती दी गई है जिसके द्वारा किसानों को प्रति एकड़ भूमि मुआवजे का निर्धारण आज 15 साल बाद भी किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने बुधवार को इस मसले पर सरकार का पक्ष रखा और कहा कि पूर्व में एक ▶▶|शेष पेज 6 पर

संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन

# चंडीगढ़ बार्डर सील, हिरासत में 100 से अधिक किसान



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार से शुरू हुए सप्ताह भर के धरने के लिए चंडीगढ़ कूच कर रहे किसानों को पुलिस ने रोक दिया। पंजाब भर में जगह-जगह कई अवरोधक लगाकर केंद्र शासित प्रदेश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस ने मोहाली में रोपड़ से आए 100 किसानों को हिरासत में भी ले लिया है। इसके अलावा पुलिस ने पिंडू संघर्ष कमेटी के मेंबर को हिरासत में लिया है।

संयुक्त किसान मोर्चा 30 से अधिक किसान संगठनों का एक समूह है और उसने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में पांच मार्च से चंडीगढ़ में एक सप्ताह तक धरना देने का आह्वान किया है। पंजाब पुलिस के उप महानिरीक्षक एच. एस. भुल्लर ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों को किसी भी कीमत पर चंडीगढ़ पहुंचने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से बुधवार सुबह चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए किसानों को पंजाब पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर रोक दिया।

### क्या है मांग

*एसकेएम ने अब निरस्त किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020 के आंदोलन का नेतृत्व किया था। वह कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखा के केंद्र के मसौदे को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, राज्य की कृषि नीति को लागू करने और राज्य सरकार द्वारा एमएसपी पर छह फसलों की खरीद की मांग कर रहा है।*

### हर वाहन की जांच

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चौकी पर 100 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। किसानों को चंडीगढ़ जाने से रोकने के लिए हर वाहन की जांच की जा रही है। संगरूर में पुलिस ने घराचोन और भवानीगढ़ सहित कई स्थानों पर नाके लगाए। खरड़ में भागो माजरा टोल प्लाजा पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों को पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर अवरोधक लगा दिए।

# गुरुदर्शन मेले में सीएम साय



**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली और कर्मस्थली गिरौदपुरी में गुरुदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। 04 से 06 मार्च तक चलने वाले इस मेले में छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत से हजारों श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सुरक्षा का विस्तार
- मुख्यमंत्री की घोषणा पर मेले के आयोजन के लिए मिलेगी 50 लाख रुपए की राशि
- मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड का होगा निर्माण



खतरनाक हथियार चलाने में माहिर

# पहचान बदलकर दिल्ली में रह रही महिला नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके से झारखंड की रहने वाली एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। वह राष्ट्रीय राजधानी में फर्जी पहचान बताकर रह रही थी और एक घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय महिला नक्सली मूल रूप से पूर्वी राज्य के पश्चिमी सिंहभूम के कुदाबुरु गांव की रहने वाली है। वह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के कई मामलों में वांछित थी।

### 10 साल से नक्सली गुट में शामिल

एक किसान परिवार में महिला नक्सली का जन्म हुआ था। वह 10 वर्ष की आयु में ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी गुट में शामिल हो गई थी। महिला नक्सली ने झारखंड के कोल्हान जंगल में रमेश नामक कमांडर के नेतृत्व में पांच साल तक गहन प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान उसे इंसास राइफल, हथगोला और .303 राइफल का इस्तेमाल सिखाया गया।

## केदारनाथ और हेमकुंड साहिबजी रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी

# केदारनाथ का सफर 9 घंटे के बजाय 36 मिनट में होगा पूरा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

सरकार ने बुधवार को उत्तराखंड में दो रोप-वे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किलोमीटर) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है।



### हेमकुंड साहिबजी की कठिन यात्रा

वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह (रोपवे) गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

### पिछले साल आए थे 23 लाख श्रद्धालु

मंत्री ने कहा कि पिछले साल 23 लाख तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ मंदिर का दौरा किया। रोपवे परियोजना के साथ यह संख्या बढ़कर 36 लाख होने की उम्मीद है। वैष्णव ने बताया कि पिछले साल 1.77 लाख लोग हेमकुंड साहिबजी पहुंचे और रोपवे से वहां जाने वाले लोगों की संख्या 10 गुना तक बढ़ने की उम्मीद है।

### आस्था का मान भी, श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान भी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, आपके कुशल नेतृत्व में सोनप्रयाग से बाबा केदारनाथ धाम तक 12.9 किलोमीटर एवं गोविंदघाट से गुरु गोबिंद सिंह जी की तपोभूमि हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किलोमीटर की दो नए रोपवे परियोजनाओं की स्वीकृति से तीर्थयात्री सुगमता से बाबा केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब जी के दर्शन कर पाएंगे। यह परियोजनाएं तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

# लॉन्च होने से 40 मिनट पहले रोकी गई एलन मस्क के स्टारशिप की उड़ान




वॉशिंगटन। अरबपति एलल मस्क की कंपनी स्पेसएक्स मंगलवार 4 मार्च को अपने स्टारशिप रॉकेट की आठवीं कक्षीय उड़ान लॉन्च करने वाली थी, हालांकि अब इस उड़ान को लॉन्चिंग के तय समय से पहले ही रद्द कर दिया गया है। अंतरिक्ष यान में किसी अज्ञात समस्या के कारण उड़ान को स्थगित किया गया. इसको लेकर स्पेसएक्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सूचना दी है।

## ये समस्या बनी वजह



### स्टारशिप की खासियत

बता दें कि स्टारशिप अब तक का सबसे शक्तिशाली और सबसे विशाल रॉकेट है। इसकी ऊंचाई 403 फीट है। स्पेसएक्स स्टारशिप को पूरी तरह से रियूजेबल रॉकेट बनाना चाहती है, ताकि इससे स्पेस की यात्रा की लागत कम हो पाए। स्टारशिप का नासा रे आर्टेमिस प्रोग्राम में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। इससे अंतरिक्ष यात्री चांद पर लौट सकेंगे।




### रद्द हुई स्टारशिप की उड़ान

स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के अकाउंट पर जारी की गई सूचना में लिखा,' आज के उड़ान परीक्षण प्रयास से पीछे हट रहे हैं. स्टारशिप टीम उड़ान भरने के लिए अगले सर्वोत्तम उपलब्ध अवसर का निर्धारण कर रही है।' रिपोर्ट के मुताबिक उड़ान को इसके मुख्य जहाज में एक अज्ञात समस्या के कारण रद्द कर दिया गया। इसका पता उड़ान के मात्र 40 सेकेंड पहले लगा, जिसके चलते कर्मचारियों को इस समस्या की जांच करनी पड़ी। बता दें कि लॉन्च को लाइवस्ट्रीम किया जा रहा था।

### पहले हुआ था विस्फोट

स्टारशिप की यह स्पेस में आठवीं टेस्ट फ्लाइट थी, जिसका मकसद स्पेस में नकली स्टारलिंक सेटेलाइट्स का प्रबंधन और कंपनी के रॉकेट की क्षमताओं का परीक्षण करना था. बता दें कि इससे पहले 16 जनवरी को हुए परीक्षण में भी इसका ऊपरी चरण विफल हो गया था। यह कैरेबियन के ऊपर फट गया था. इससे आग जैसे मलबा गिरने लगा था। कंपनी ने इस बार स्टारशिप में कई तकनीकी सुधार किए थे, हालांकि इस बार भी मिशन कामयाब होने से चूक गया।

## रोचक खबरें




### वीडियो वायरल : सामान पहुंचाने के लिए घर की छत के ऊपर आया हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली।** सामान को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के दौरान भी कई लोग अपनी अमीरी दिखाते हैं। अब एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है।मोहल्ले के लोगों ने आसमान में बिल्कुल नीचे एक हेलीकॉप्टर को उड़ते देखा, तो उनके मन में कई तरह के सवाल खड़े होने लगे। लेकिन, अगले पल जब वो एक छत पर आकर रुक गया, तो लोग हैरान हो गए। आसपास के छतों पर लोगों की भीड़ लग गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक हेलीकॉप्टर घर की छत के ऊपर रुका हुआ है और धीरे-धीरे सामान नीचे गिरा रहा है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि हेलीकॉप्टर घर की छत के ऊपर मंडरा रहा है और नीचे बंधे बड़े-बड़े पैकेट एक- एक करके नीचे गिराए जा रहे हैं। कुछ बैग सीधे छत पर गिर रहे हैं, तो कुछ लोगों को हाथ से पकड़ ले रहे हैं। यह नजारा देखने में किसी फिल्मी स्टंट से कम नहीं है। यह भारतीय वायुसेना का हेलीकॉप्टर है। हालांकि, यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि हेलीकॉप्टर किस तरह का सामान छत पर गिरा रहा है, क्योंकि वीडियो सिर्फ कुछ सेकेंड का है। हो सकता है कि किसी आपदा के समय का यह वीडियो हो और लोगों की मदद के लिए पहुंचा हो। हालांकि, अभी भी सवाल है कि आखिर पूरा मामला क्या है?

### हैरानी : इस बीमारी ने बदल दिया महिला का लहजा जबड़े के ऑपरेशन के बाद बदल गई भाषा

**सिडनी।** कुदरत की बनाई इस दुनिया में ऐसी कई दुलर्भ बीमारी है, जिससे इंसान का नेचर पूरी तरीके से बदल जाता हैं। इन्हें देखने के बाद ना सिर्फ मरीज और उनके परिवार वाले, बल्कि कई बार डॉक्टर भी हैरान रह जाते हैं। ऐसी ही एक बीमारी का किस्सा इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में हैं। जिसने एक महिला की आवाज को इस तरीके से बदल दिया कि जब उसने अपने घरवालों के सामने कुछ बोला तो वह सभी हैरान रह गए, क्योंकि किसी को उम्मीद नहीं थी कि ये बीमारी इस लेवल पर महिला के दिमाग पर असर डालेगी। ये हैरान कर देने वाला किस्सा ऑस्ट्रेलिया के किम नाम की महिला को एक अजीब तरह का कैंसर हुआ। जिसकी शुरुआत में पहले किम को दांतों में दर्द हुआ। जिसके बाद उनकी बायोप्सी कराई गई और जब रिजल्ट सामने आया है तो किम की हालत खराब हो गई क्योंकि उसे एक खास प्रकार का कैंसर था। इस टेस्ट के कारण बात सामने आई कि ये कैंसर सिर और गर्दन तक फैला हुआ हैं। जिसे मेडिकल टर्म में स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा कहते हैं। अब इससे निजाद पाने के लिए उन्होंने रेडिएशन और कैमियो थेरेपी करवाए और ऑपरेशन भी हुए, जिससे उनकी जान बच पाई। उनके ऑपरेशन के बाद सबसे पहली मुलाकात उनकी बहन ने की और उसके साथ बातचीत के लहजे में बदलाव पाया। जिसे देखकर वो बुरी तरीके से घबरा गई और उसने अपनी मां को बताया कि किम के लहजे में अब ऐसा बदलाव आया हैं।



### आश्चर्यः इतने बड़े मैदान में हुआ ब्याह का आयोजन कि स्टेज तक जाने के लिए करना पड़ा रिक्शा!

**नई दिल्ली।** शादियों का सीजन चल रहा है और हर कोई अपने घर की शादी को दूसरों की शादियों से बेहतर और यादगार बनाना चाहता है। आजकल शादियां भी चाय में चीनी डालने जैसी हो गईं हैं, जितनी चीनी डालो, चाय उतनी मीठी! बस वैसे ही, शादियों में जितना पैसा डालो, वो उतनी विशाल और वृहद हो जाती हैं। हाल ही में एक शादी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पहुंचा है और वो उसकी बड़ी ही अनोखी बात बता रहा है। इस ब्याह का आयोजन इतने बड़े मैदान में हुआ है कि स्टेज तक पहुंचने के लिए उसे ई-रिक्शा करना पड़ा जो मैदान में ही चल रहा था। लड़का एक ई-रिक्शा कर के स्टेज तक जाता है। रास्ते में आपको नजर आएगा कि कितना खूबसूरत आयोजन हुआ है। मैदान बहुत बड़ा है, कई लोग चलते हुए नजर आ रहे हैं। बीच-बीच के हिस्से खाली भी लग रहे हैं, क्योंकि मैदान ज्यादा बड़ा है और लोग उसकी तुलना में कम लग रहे हैं। कमेंट सेक्शन में कुछ लोगों ने बताया कि ये किसी नेता के घर की शादी है। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस वीडियो को 70 लाख व्यूज मिल चुके हैं, जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक व्यक्ति ने कहा- 'ये शादी है या कुंभ मेला!' एक ने पूछा- 'क्या लड़का आईएएस अधिकारी है?' एक शख्स ने कहा- 'सब ब्लैक मनी का कमाल है।' एक ने कहा- 'कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का जोक सच हो गया!' एक ने कहा- 'मैंने तो सोचा, प्रयागराज का मेला है!'



# बर्फ के गोलों ने कैसे तोड़ दी धरती की चट्टानें महाद्वीप के टूटने की 70 करोड़ साल पुरानी कहानी

वॉशिंगटन। करीब 70 करोड़ साल पहले पृथ्वी एक विशाल सफेद बर्फीले गोले जैसी दिखती थी। जिसे 'क्रायोजेनियन काल' कहा जाता है, जब पूरी धरती बर्फ की मोटी चादर से ढकी हुई थी। इस दौरान विशाल हिमखंड जमीन की सतह पर बहते रहे और उसे गहराई तक काटते/घिसते गए। वैज्ञानिकों ने पाया है कि इन हिमखंडों ने पृथ्वी की चट्टानों को तोड़कर महासागरों में बहा दिया, जिससे जीवन के लिए जरूरी खनिज और पोषक तत्व पानी में पहुंचे। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया मुश्किल जिंदगी के विकास की बुनियाद बनी है।

### इतना ठंडा क्यों हुआ ग्रह?

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस ग्लोबल हिमयुग की वजह से वातावरण में कार्बन



डाइऑक्साइड की भारी कमी हो सकती है, जब उष्णकटिबंधीय इलाकों में मौजूद महाद्वीपों की चट्टानें टूटने लगीं तो कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित होकर कार्बोनेट खनिजों में बदल गई, जिससे वातावरण में इसकी मात्रा कम हो गई। कार्बन डाइऑक्साइड सूरज की गर्मी को रोककर जमीन को गर्म रखने में मदद करता है, लेकिन जब इसकी मात्रा कम हो गई तो जमीन तेजी से ठंडी होती चली गई।

## बर्फ पिघलने से जीवन को कैसे मिला लाभ?

बर्फ पिघलने के बाद, महासागरों में पोषक तत्वों की भारी मात्रा घुल गई। इन पोषक तत्वों ने समुद्री जीवन को विकसित करने में मदद की। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही वह समय था जब जटिल जीवन विकसित हुआ। पोषक तत्वों की इजाफे से सूक्ष्म जीव तेजी से बढ़े। महासागरों के रासायनिक संतुलन में बदलाव आया, जिससे जैविक विकास संभव हुआ। यह वही समय था, जब पृथ्वी पर बहुकोशीय जीवन का प्रारंभ हुआ।



### कैसे खत्म हुआ हिमयुग

लाखों वर्षों तक ज्वालामुखी विस्फोट होते रहे, जिससे वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ने लगी। चूंकि, बर्फ महासागरों को ढक चुकी थी, इसलिए यह कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों के जरिए अवशोषित नहीं हो पाई और वायुमंडल में इकट्ठा होती गई। धीरे-धीरे, कार्बन डाइऑक्साइड की अधिकता से ग्रीनहाउस प्रभाव हुआ, जिससे पृथ्वी गर्म होने लगी और बर्फ पिघल गई।



### बर्फ की मोटी चादरें जमीन को धीरे-धीरे काटती है

वैज्ञानिकों के मुताबिक जब बर्फ की मोटी चादरें हिलती और फैलती हैं तो वे जमीन को धीरे-धीरे काटती और घिसती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होती है जैसे कोई विशाल बुलडोजर मिट्टी को हटा देता है। इससे पृथ्वी की चट्टानों का टूटना शुरू हुआ और जब बर्फ पिघली तो ये टूटे हुए खनिज महासागरों में बह गए। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही खनिज बाद में जीवन के विकास के लिए जरूरी पोषक तत्व बने।



### बर्फ का तेजी से फैलना

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के इतने ठंडे होने का मुख्य कारण वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड की कमी थी। जब महाद्वीप उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में थे, तो बारिश और नमी की वजह से चट्टानों का विघटन हुआ। इस प्रक्रिया में वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकलकर चट्टानों में समा गई, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव कम हो गया। जब वातावरण में गर्मी बनी नहीं रही, तो पृथ्वी ठंडी होने लगी और बर्फीली चादरें फैल गईं। जैसे-जैसे बर्फ आगे बढ़ी, उसने सूरज की रोशनी को अंतरिक्ष में परावर्तित कर दिया, जिससे ठंड और ज्यादा बढ़ गई।

# कार्टून किरदार हमेशा दस्ताने क्यों पहनते हैं, आखिर क्या है रहस्य?

न्यूयार्क। बच्चे हों या बड़े, लोग कार्टून शोज़, फिल्मों या वेब सीरीज को बहुत पसंद करते हैं। इस वजह से जब सिनेमा घरों में ये फिल्में लगती हैं, तो बच्चों के साथ-साथ बड़े भी उन्हें देखने जाते हैं। यूं तो कार्टून से जुड़ी कई रोचक बातें हैं, जिनके बारे में लोगों को कम जानकारी होती है। सोशल मीडिया पर हाल ही में किसी ने सवाल किया कि आखिर कार्टून किरदार दस्ताने क्यों पहनते हैं?




### इस वजह से दस्ताने पहनते हैं कार्टून

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के एनिमेशन इतिहासकार और प्रोफेसर जॉन केनमेकर के अनुसार पुराने समय में कार्टून किरदारों के शरीर के कोने नुकीले की जगह गोल कर दिए जाते थे, क्योंकि उसका डिजाइन बनाना आसान था। उस दौर में ब्लैक एंड व्हाइट कार्टून किरदार ही हुआ करते थे। तब दर्शकों को हाथ और शरीर में फर्क कर पाना मुश्किल होता था। तो हाथों के डिजाइन, उसकी नसों, रेखाओं, उंगलियों के आकार को आसान बनाने के लिए कार्टून किरदारों को दस्ताने पहनाए गए, क्योंकि उसमें ज्यादा डीटेलिंग नहीं होती थी। दूसरा कारण ये कि हाथों को काले शरीर से अलग करने के लिए उनके दस्ताने को सफेद कर दिया गया।

### डिजाइन को कम जटिल बनाने के लिए ऐसा किया

एक वेबसाइट के अनुसार डिज्नी के कई कार्टून किरदारों को आप सफेद दस्ताने पहने देखेंगे। इसका सबसे सीधा और आसान जवाब ये है कि कार्टूनों के डिजाइन को कम जटिल बनाने के लिए ऐसा किया जाता था। ये तो आप जानते ही होंगे कि पुराने समय में कार्टून कंप्यूटर ग्राफिक्स की मदद से नहीं बनते थे, बल्कि हर एक शॉट के लिए डिजाइनर को कार्टून का अलग-अलग स्केच बनाना बड़ता था।





### वॉल्ट डिज्नी ने भी दिया था जवाब


सबसे पहले वॉल्ट डिज्नी ने अपने किरदार मिकी माउस को दस्ताने पहनाना शुरू किया। वॉल्ट डिज्नी ने भी इस बात का कारण बताया था। उन्होंने बताया कि वो कार्टून किरदारों को इंसानों जैसा दर्शाना चाहते थे। वो मिकी माउस को चूहे जैसे हाथ नहीं देना चाहते थे। इस वजह से उन्होंने चूहे को दस्ताने दिए। उतने छोटे से दिखने वाले किरदार की 5 उंगलियां बनाने से वो काफी जटिल मालूम हो रहा था। इस वजह से एक उंगली भी कम कर दी गई थी। आज भी आप ऑगी एंड कॉकरोचेज़ जैसे कार्टून किरदारों के हाथ में दस्ताने देखेंगे।

## ठंड से बचने बिना दस्ताने के नहीं डालती फ्रिज में हाथ!

# लड़की को है बेहद अजीब बीमारी, घर में पहनती है 6 जोड़ी मोजे

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

दुनिया में कई ऐसी बीमारियां हैं, जिसकी वजह से लोगों को कई तरह की तकलीफों का सामना करना पड़ता है। लोग सुकून से अपनी जिंदगी के रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाते हैं। ऐसी ही बीमारी से इंग्लैंड की एक 25 साल की लड़की भी परेशान है। उसे ऐसी बीमारी है कि मजबूरी में उसे घर में 6 जोड़ी मोजे पहनने पड़ते हैं। इसके अलावा जब भी वो फ्रिज खोलती है, तो उसे दस्ताने पहनने की जरूरत पड़ जाती है। अगर वो ऐसा न करे, तो उसका जीना मुश्किल हो जाए! एक रिपोर्ट के अनुसार विनचेस्टर की रहने वाली फिटनेस ट्रेनर एलेन फिट्जगिब्बिन्स को बड़ी ही विचित्र बीमारी है, जिसकी वजह से उन्हें रोजमर्रा के कामों को करने में काफी तकलीफ होती है। उन्हें रेनॉड्स सिंड्रोम है। इस बीमारी में सर्दी की वजह से इंसान के शरीर पर चकत्ते पड़ने लगते हैं जो दर्द देते हैं। ये ज्यादा ठंड, चिंता और उलझन के वक्त इंसानों को होता है। ये एक तरह की ऑटो इम्यून बीमारी है।



### 2019 में चला था बीमारी का पता

साल 2019 में उन्हें इस बीमारी का पता चला था. साल 2021 में उन्हें कोएलिएक बीमारी हुई थी जो एक प्रकार की ऑटो इम्यून बीमारी है। इसके अलावा उन्हें ग्लूटन से भी रिएक्शन होने लगा था. अब उन्हें खास तरह की डायट पर रहना पड़ता है, वो ज्यादा ठंडा खाना नहीं खा पाती हैं। इसके बावजूद वो एक फिटनेस ट्रेनर हैं और लोगों को सेहतमंद रहने के तरीके सिखाती हैं, साथ ही जिम में भी मदद करती हैं।

### बेहद विचित्र है कंडीशन

उनकी कंडीशन इतनी बुरी है कि उन्हें घर में भी 3 से 6 जोड़ी मोजे एक बार में पहने रहने पड़ते हैं। वो हीटर का उपयोग भी करती हैं, पर बिजली का बिल इतना ज्यादा आ जाता है कि वो हर वक्त हीटर नहीं प्रयोग कर पातीं। अगर वो ऐसा न करें तो उनके पैर पीले पड़ जाते हैं और हाथों पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं, जो दर्द देते हैं। फ्रिज से अगर खाने-पीने का सामान भी निकालना होता है तो उन्हें दस्ताने पहनने पड़ते हैं। अगर वो किसी कटोरे या बर्तन में रखी कोई खाने की चीज खाती हैं तो वो बर्तन हाथों में नहीं पकड़ती हैं। जब वो नहाती भी हैं या फिर नहाकर बाहर निकलती हैं, तब उन्हें ज्यादा ठंड महसूस होती है।

## सांप के जहर का टेस्ट कैसा होता है?



### मौत के मुंह से बाहर निकले शख्स ने किया खुलासा

**लंदन।** सांप के विष का टेस्ट कैसा होता है? ब्रिटेन के रेव पार्टी में जाने वाले एक शख्स ने इसका खुलासा किया है। 23 साल के इस शख्स केटामाइन के लत से डॉक्टरों ने बाहर निकाला है। पुलिस और परिवार का कहना है कि यह शख्स जहरीले नशे के लिए रोज करीब 9 हजार रुपए खर्च कर रहा था। एक रिपोर्ट के मुताबिक डरहम के फर्गस थॉम्पसन नामक शख्स 17 साल की उम्र से ही रेव पार्टी में जाने लगा। यहां उसने दोस्तों के साथ सांप के जहर जैसे केटामाइन का इस्तेमाल करने लगा। केटामाइन के इस्तेमाल पर फर्गस हर महीने करीब 2 लाख 66 हजार रुपए खर्च करता था।

**केटामाइन जहर और सांप का विष** : यह एक जहर है, जो किसी दर्द को राहत देने के लिए दिया जाता है। साइंस पत्रिका के मुताबिक अफ्रीकी देशों में इसका इस्तेमाल सांप के जहर को खत्म करने के लिए किया जाता है। सांप के विष में आम तौर पर हीमोटॉक्सिक या न्यूरोटॉक्सिक पदार्थ होता है, जिसे केटामाइन आसानी से खत्म कर देता है। मान्य है कि इसके भीतर सांप के जहर इतना ही विष होता है। दुनिया के कई देशों में सार्वजनिक तौर पर इसके सेवन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसे खतरनाक ड्रग्स माना जाता है।






## खबर संक्षेप

### रतन टाटा के नाम से होगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी



**गुवाहटी।** असम की हिमंता बिस्वा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास में स्वर्गीय रतन टाटा और टाटा समूह की भूमिका को मान्यता देने के लिए जगीरोड में इलेक्ट्रॉनिक सिटी का नाम रतन टाटा इलेक्ट्रॉनिक सिटी रखने का फैसला किया। इस फैसले के बाद सीएम हिमंता ने एक पोस्ट में कहा कि 'राज्य के विकास में स्वर्गीय रतन टाटा और टाटा समूह की जबरदस्त भूमिका और योगदान की मान्यता के रूप में, असम कैबिनेट ने जगीरोड में आगामी इलेक्ट्रॉनिक सिटी का नाम रतन टाटा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, जगीरोड रखने का फैसला किया है।

### गोधरा कांड के 14 गवाहों की हटाई गई सुरक्षा



**नई दिल्ली।** गुजरात के बहुचर्चित गोधरा कांड के गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई है। केंद्र सरकार ने यह फैसला गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया है। सूत्रों के मुताबिक, कुल 14 गवाहों की सुरक्षा वापस ले ली गई है, जिन्हें पहले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 150 जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी। गृह मंत्रालय ने इस निर्णय के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट को आधार बनाया है। एसआईटी ने 10 नवंबर 2023 को अपनी सिफारिशी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें गवाहों की सुरक्षा हटाने का सुझाव दिया गया था।

### मायावती ने भतीजे के बाद भाई से भी वापस लिया पद



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। पहले उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों से मुक्त किया तो उसके दूसरे दिन पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। भतीजे के बाद अब मायावती की गाज अपने भाई पर गिरी हैं। उन्होंने आनंद कुमार को राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। अब वे केवल उपाध्यक्ष रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी रणधीर बेनीवाल को सौंपी गई है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी देते हुए लिखा कि आनंद कुमार ने पार्टी और मूवमेंट के हित में एक पद पर कार्य करने की इच्छा जताई थी।

## फिर निकला 38 साल पुराने बोफोर्स का जिन्न

# भारत सरकार ने अमेरिका से मांगी 'सीक्रेट फाइल'

*राजीव गांधी सरकार के दौरान सामने आए कथित बोफोर्स घोटाले के मामले की जांच को एक बार फिर खोलने की कवायद तेज हो गई है। भारत सरकार ने अमेरिका से संपर्क किया है और उनसे 1980 के दशक की 64 करोड़ रुपये की बोफोर्स डील के संबंध में अहम जानकारी मांगी गई है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### अमेरिकी न्याय विभाग को भेजा गया है अनुरोध पत्र

अमेरिका को एक न्यायिक अनुरोध पत्र भेजा गया है, जिसमें भारत की एक अदालत के आदेश का हवाला देते हुए स्वीडन से 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन की खरीद से संबंधित डिटेल मांगी गई है। साल 1987 में यह स्कैम सामने आया था, जिसके बाद कांग्रेस की खूब फजीहत भी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार सीबीआई ने कुछ दिनों पहले एक स्पेशल कोर्ट द्वारा जारी अनुरोध पत्र अमेरिकी न्याय विभाग को भेजा था। एजेंसी ने स्वीडिश हथियार निर्माता एबी बोफोर्स द्वारा भारत से 400 हॉवित्जर का ऑर्डर हासिल करने के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत के संबंध में यूएस-आधारित निजी जासूसी फर्म फेयरफैक्स के प्रमुख माइकल हर्शमैन के पास मौजूद मामले का विवरण मांगा है।

### स्वीडन से मांगी गई 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन की डिटेल



#### रेडियो शो ने खोला घोटाले का राज

बोफोर्स घोटाला स्वीडिश रेडियो द्वारा उजागर किया गया था। इसके बाद साल 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी की सरकार गिर गई थी। यह उनकी हार का बड़ा कारण बना था। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट ने 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोप को खारिज कर दिया था लेकिन इसके बावजूद बोफर्स घोटाले से जुड़े सवाल अभी भी बने हुए हैं। ये सवाल रिश्वतखोरी के मामले में इटली के व्यवसायी ओटावियो क्वात्रोची की भूमिका से जुड़े हैं, जिसका राजीव गांधी सरकार के दौरान बहुत दबदबा था।

#### अब यह चाहती है सीबीआई

सीबीआई ने स्वीडिश हथियार निर्माता एबी बोफोर्स द्वारा भारत से 400 हॉवित्जर का ऑर्डर हासिल करने के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत के संबंध में यूएस-आधारित निजी जासूसी फर्म फेयरफैक्स के प्रमुख माइकल हर्शमैन के पास मौजूद मामले का विवरण मांगा है। 2017 में हर्शमैन ने दावा किया था कि बोफोर्स से रिश्वत का पैसा कथित तौर पर बैंक में जमा कराया गया था। तत्कालीन पीएम राजीव गांधी उस समय गुस्से में थे जब उन्हें स्विस बैंक खाता 'मोंट ब्लांक' मिला था। हर्शमैन ने यह भी दावा किया था कि तत्कालीन सरकार ने उनकी जांच को विफल कर दिया था। सीबीआई ने सबसे पहले अक्टूबर में दिल्ली की अदालत से संपर्क किया था, जिसमें अमेरिकी अधिकारियों से विवरण मांगने की उनकी योजना के बारे में बताया गया था। यह कदम हर्शमैन द्वारा उठाया गया था, जो बोफोर्स मामले में अपनी संलिप्तता के कारण राजनीतिक हलकों में प्रमुखता से उभरे थे। उन्होंने भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई थी।

#### बोफोर्स केस पर एक नजर

- 1986- भारत ने आर्मी के लिए स्वीडन की हथियार कंपनी एबी बोफोर्स के साथ 155 एमएम होवित्जर तोपों के सौदे पर दस्तखत किया। कुल 1,437 करोड़ रुपये में 400 तोपों की डील हुई
- 1987-स्वीडन के रेडियो चैनल ने आरोप लगाया कि डील पक्की करने के लिए बोफोर्स ने राजनेताओं और रक्षा अधिकारियों को 64 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी
- 1990- सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की
- 1999, 2000- चार्जशीट दाखिल। इतालवी बिजनसमैन ओट्टावियो क्वात्रोची का भी चार्जशीट में नाम
- 2004- राजीव गांधी बेदाग
- 2005- हाई कोर्ट ने सीबीआई का केस रद्द किया
- 2011- क्वात्रोची इस केस में आरोपमुक्त घोषित

# राहुल पर लगा 200 रुपए जुर्माना, कोर्ट बोला 14 अप्रैल को पेश हों

**सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था**




एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ के कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (ACJM) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था।

#### राहुल के वकील बोले

वे विदेशी गणमान्य नागरिक से मुलाकात में व्यस्त सुनवाई के दौरान राहुल की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने अदालत में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। इसमें उन्होंने दलील दी कि राहुल गांधी इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। आज (5 मार्च) उनकी मुलाकात एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति से पूर्व निर्धारित थी। अन्य आधिकारिक कार्यों में व्यस्त होने के कारण वे अदालत में उपस्थित नहीं हो सके। वे अदालत के आदेशों का सम्मान करते हैं और जानबूझकर पेशी से बचने का प्रयास नहीं कर रहे।



## रोहतक पुलिस के खुलासे पर जताया अविश्वास

# हिमानी की मां बोलीं सच छिपाया जा रहा

एजेंसी ▶▶| रोहतक

हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या के आरोप में बहादुरगढ़ के रहने वाले सचिन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सचिन ने बताया कि उसने पैसे के लेनदेन के चलते हिमानी का मर्डर किया। हालांकि अभी तक इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक, सचिन और हिमानी काफी समय से रिलेशनशिप में थे। इस दौरान हिमानी पिछले कुछ समय से सचिन को ब्लैकमेल कर रही थी, जिसके चलते आरोपी सचिन ने गला घोंटकर हिमानी की हत्या कर दी। पुलिस के इस दावे को लेकर हिमानी का मां सविता ने साफ इनकार कर दिया है।



#### अलमारी की चाबी ढूंढ रही है पुलिस

वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सचिन ने जब हिमानी के गहने और कीमती सामान अलमारी से निकाले थे, तो अलमारी की चाबी भी अपने साथ ले गया था और चाबियों को बाहर फेंक दिया था। ऐसे में पुलिस अलमारी की चाबी की खोज कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए बुधवार को क्राइम सीन रिक्रिएट करेगी।

#### गला घोंटकर हुई थी नरवाल की हत्या

बता दें, कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या उसके दोस्त सचिन ने ही किया था। आरोपी ने शव को सूटकेस में रखकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर फरार हो गया था। जिसके बाद रोहतक पुलिस ने दिल्ली के मुंडका से सोमवार को गिरफ्तार किया था। पुलिस की ओर से पूछताछ में सामने आया कि पैसों के लेन-देन पर विवाद होने के चलते आरोपी ने मोबाइल चार्जर के तार से हिमानी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

#### हिमानी की मां ने किया बड़ा दावा

पुलिस के इस खुलासे को लेकर हिमानी की मां सविता का कहना है कि पैसों के लेनदेन के चलते हत्या नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि हिमानी ने अपने कई दोस्तों को पैसे दे रखे थे, तो ऐसे में पहले ही उसकी हत्या ही हो गई होती। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले की सच्चाई छुपा रही है। इसके अलावा हिमानी की मां का दावा है कि हत्या के पीछे आरोपी का कोई और मकसद था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पुलिस नहीं बता रही है कि आरोपी ने क्यों उनकी बेटी की हत्या क्यों की।

## पृथ्वी पर लौटने से पहले विलियम्स को आई अपने डॉगी की याद

# 'उससे मिलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच की अब धरती पर वापसी होने वाली है। इसी महीने 19 मार्च को दोनों पृथ्वी पर लौट आएंगे। अब तक दोनों अंतरिक्ष में नौ महीने गुजार चुके हैं। इस दौरान, दोनों ने ही कई एक्सपैरिमेंट्स को भी अंजाम दिया। दोनों एलन मस्क के स्पेसएक्स एयरक्राफ्ट से वापस आएंगे। दोनों ने हाल ही में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। अंतरिक्ष में रहने के दौरान सुनीता को अपने लैब्राडोर डॉगी की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि अब उससे मिलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।

**19 मार्च को पृथ्वी पर लौटना तय हुआ है सुनीता व विल्मोर का**



#### 'हर दिन दिलचस्प है क्योंकि हम अंतरिक्ष में हैं'

विलियम्स ने कहा, 'यह जगह टिक रही है। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है, इसलिए मैं कहूंगी कि हम वास्तव में अभी अपने चरम पर हैं। मुझे लगता है कि अभी शायद यह कहने का सही समय नहीं है कि इसे छोड़ दिया जाए।' सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में अपने डॉगी लैब्राडोर रिट्रीवर्स की याद सता रही है। उन्होंने कहा कि मैं अपने लैब्राडोर रिट्रीवर्स से फिर से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित रूप से लंबे समय तक रहने का सबसे कठिन हिस्सा उनके परिवारों के घर वापस आने का इंतजार था। सुनीता ने कहा, 'यह उनके लिए एक रोलर कोस्टर की तरह रहा है, शायद हमारे लिए इससे थोड़ा ज़्यादा। हम यहां हैं। हमारे पास एक मिशन है।

#### मात्र एक हफ्ते का का टूर

बता दें कि सुनीता और विल्मोर पिछले साल जून के पहले हफ्ते में अंतरिक्ष में गए थे। दोनों की यह यात्रा महज हफ्तेभर की थी, लेकिन बाद में बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत आ गई। इसकी वजह से दोनों की वापसी टल गई और अब इसी महीने दोनों एक बार फिर से धरती पर लौटने वाले हैं।



## चिंतन

# श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 70% तक बढ़े

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में भारत के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी पर विमर्श महत्वपूर्ण है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि विकसित भारत के लिए 2047 तक कार्यबल में 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। दरअसल, उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सेवा क्षेत्र में महिलाओं पर सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने श्रमबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी की काफी संभावनाएं हैं। महिला उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी सहायता बढ़ाने के उपाय भी जरूरी है। श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा, कौशल शिक्षा, उद्यम के लिए अवसर आदि क्षेत्र में काम करने होंगे। महिला श्रमबल को उचित शिक्षा के साथ रोजगार उन्मुख स्किल प्रशिक्षण देना होगा, जो उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें पूंजी से लेकर बाजार तक के माहौल क्रिएट करने की आवश्यकता है। महिला उद्यमियों के लिए उद्यम पूंजी सहायता बहुत आवश्यक है। महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जाना भी जरूरी है। सेवा क्षेत्र में महिलाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिसमें ऐसे पूर्वाग्रह हो सकते हैं जो उन्हें कार्यबल में प्रवेश करने से रोकते हैं। नेतृत्व की भूमिकाओं में भी वेतन असमानताएं हैं, नौकरी की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और घरेलू व पेशेवर जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है। लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं बच्चों की देखभाल और घरेलू प्रतिबद्धताओं को कार्यबल में भाग न लेने का कारण बताती हैं। लेकिन पिछले छह साल में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। शिक्षित महिलाओं के कार्यबल में शामिल होने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वेतन असमानता को लेकर कुछ चुनौतियों के बावजूद उनकी आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। आज हम महिलाओं को सेवा क्षेत्र, प्रौद्योगिकी, वित्त और विनिर्माण क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले छह वर्षों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में भी इस दौरान वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर 23 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 42 प्रतिशत हो गई है, पर जरूरत 70 फीसदी पर ले जाने की है। स्नातकोत्तर स्तर और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कुल महिलाओं में से 40 प्रतिशत 2023-24 में काम कर रही थीं, जबकि छह साल पहले यह आंकड़ा लगभग 35 प्रतिशत था। टेक सेक्टर में महिलाओं के लिए अनेक अवसर हैं। वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है। महिला सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में डिजिटल समानता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दुनिया भर में 133 एआई प्रणालियों में से 44 फीसदी एआई प्रणालियां लिंग-समावेशी नहीं हैं। डिजिटल युग में उपभोक्ता व्यवहार, विशेषकर महिलाओं पर इसके प्रभाव का गहन अध्ययन किया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर एआई पेशेवरों में केवल 22 फीसदी महिलाएं हैं, तथा नेतृत्व की भूमिकाओं में केवल 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। विकसित भारज लक्ष्य के लिए शिक्षा के साथ श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी को उच्च स्तर पर लाया जाना चाहिए।



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

# हिन्दी विरोध के पीछे वोट बैंक की राजनीति

> तमिलनाडु में हिन्दी विरोध वहां की राजनीति के खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषाओं की नीति है, जिसमें उस राज्य की भाषा, अंग्रेजी और एक अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन शामिल है। हालांकि इस नीति में साफ तौर पर यह नहीं कहा गया है कि तीसरी भाषा हिंदी ही होनी चाहिए बल्कि यह कोई भी भारतीय भाषा हो सकती है। इसके बावजूद, तमिलनाडु सरकार इसे एक तरह से हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देख रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध वहां की राजनीति के तमाम खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है। इससे लगातार विवाद बढ़ रहा है। वैश्वीकरण के युग में मातृभाषा के अलावा ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखने की जरूरत बताई जाती है। फिर हिंदी भारत में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा लोगों की भाषा है। ऐसे में तमिलनाडु के लोगों के लिए हिंदी सीखना कैसे उनके हितों पर कुठाराघात है। यह स्टालिन ने साफ नहीं किया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने जिस तरह की हिंदी विरोध में टिप्पणी की है उससे हिंदी को लेकर राज्य में नया विवाद खड़ा कर दिया है। स्टालिन का कहना है कि तमिलनाडु के विद्यालयों में तीसरी भाषा फार्मूले के तहत हिंदी थोपी नहीं जाएगी। उनकी हिंदी विरोधी इस टिप्पणी में कोई नई बात नहीं है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध को लेकर दशकों से चलती रही है। कभी-कभी तो हिंदी की खिलाफत करते-करते देश की खिलाफत भी हुई है। जिससे देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं भी हुई हैं लेकिन हिंदी विरोध तमिलनाडु की राजनीति में सबसे खास मुद्दों के रूप में राजनीतिक दल भुनाने का कार्य करते रहे हैं। वहां चुनाव जीतने का यह सबसे वजनदार मुद्दा रहा है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना पैर फैला रही है, जिसे स्टालिन अपने शासन के लिए चुनौती के रूप में देख रहे हैं। हिंदी भारत की राजभाषा है। केंद्रीय कार्यालयों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रयोग अनिवार्य है। राज्य के स्कूलों में तमिल के साथ अंग्रेजी का इस्तेमाल भाषा माध्यम के रूप में होता है लेकिन हिंदी का नहीं हो सकता। स्टालिन हिंदी थोपने की बात केंद्र सरकार की भाषा नीति से असहमत या विरोध के रूप में चर्चा का विषय बनाना चाह रहे हैं। वे इसे इस तरह पेश कर रहे हैं जैसे तमिलनाडु के बच्चों के साथ केंद्र सरकार बहुत बड़ा अनर्थ करने वाली है। स्टालिन यह भूल जाते हैं कि भारत विविधताओं वाला देश है। सभी राज्य अपनी आंचलिक भाषा को राज्य में लागू करने के लिए पूरी तरह आजाद हैं। राजीव गांधी सरकार ने तीन भाषा का जो केंद्रीय शिक्षा नीति का फार्मूला लागू किया था, वह तमिलनाडु में आज तक लागू नहीं किया गया। इसके बचाव में दुहाई यह दी जाती है कि इससे राज्य के बच्चों पर अनावश्यक मानसिक बोझ बढ़ेगा, जो उनके विकास में बाधा पैदा



करने का काम करेगा। राज्य सरकारों ने जनमानस को हिंदी विरोध के नाम पर राज्य में कई बार विकट हालात पैदा किये हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि बगैर सोचे-समझे प्रदेश की अवाम हिंदी के खिलाफ आंदोलन के साथ आ गया। धीरे-धीरे यहां के लोगों की मानसिकता यह बन गयी कि तमिलनाडु में हिंदी शिक्षा का माध्यम या हिंदी सीखना उनके विकास में रुकावट पैदा करती है, क्योंकि इससे तमिलों का अहित होगा।

तमिलनाडु सरकार यह भूल जाती है कि हिंदी ने किसी आंचलिक भाषा का इतने वर्षों में अहित नहीं किया बल्कि उसे विकास की धारा में अधिक प्रासंगिक बनाने का ही कार्य किया है। हिंदी देश के जितने भूभाग में बोली, समझी और लिखी जाती है वहां उससे हर किसी का विकास, प्रगति और हित ही हुआ है। हिंदी भाषा के रूप में हमेशा राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बनने का ही कार्य किया है। पूरे देश में जिस राज्य में वहां की प्रथम राजकीय भाषा नहीं है, वहां भी हिंदी ने एकता की माला में आंचलिक भाषा या बोली के साथ बड़ी बहन की तरह अपना कर्तव्य निभाने का कार्य किया है। ऐसे में तमिलनाडु में हिंदी वहां के आम आदमी और छात्रों के लिए बोझ या सिर दर्द कैसे बन जाएगी? इस सवाल का कोई तर्कसंगत जवाब तमिलनाडु सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार हिंदी के स्वभाव, गुण, संस्कृति और सूत्रधार व बेहतर एकता निभाने के गुण को बगैर किसी तथ्य या तर्क से नकारती रही हैं, वही इस बार भी हो रहा है। राज्य सरकार हमेशा यह भूल करती आई है कि हिंदी राज्य में तीसरी भाषा के रूप में लागू होने से तमिलनाडुवासियों को उत्तर, पश्चिम और पूर्व भारत के लोगों से बेहतर संवाद करने में सुविधा हो जाएगी। एक तरह से देखा जाए तो भाषा के नाम पर राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। इस तथ्य और सच को भला कौन नकार सकता है कि हिंदी ही सारे देश के लोगों को संवाद की भाषा के रूप में एक सूत्र में जोड़ सकती है, क्योंकि देश में इसके बोलने, लिखने और समझने वाले लोग सबसे ज्यादा है। हिंदी 'अनेकता में एकता' का सबसे बड़ी सूत्रधार है। तमिलनाडु के अलावा देश अन्य सभी भाषा भाषी लोग बहुत रुचि से हिंदी सीखते और बोलते हैं। पिछले कुछ सालों से प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल-हिंदी संगम जैसे आयोजनों का बढ़ावा देकर हिंदी तमिल संस्कृति को मैत्री की माला में जोड़ने का कार्य किया किया। इससे हिंदी विरोध में कमी आई लेकिन स्टालिन ने मोदी के इस कोशिश को शुरू से ही पलीता लगाने का कार्य तो कभी, सनातन के खिलाफ टिप्पणी कर तो कभी हिंदू संस्कृति के खिलाफ बोलकर सारे देश में कुचर्चित हुए। केंद्र सरकार चाहती है कि तमिल का आम आदमी उत्तर भारत के आम आदमी से भाषा-संस्कृति की एकता के सूत्र में बधे। दोनों एक दूसरे की संस्कृति, साहित्य और कला को समझें और उत्तर भारत का व्यक्ति तमिल सीखकर तमिलनाडु की पुरातन संस्कृति और कला को समझे और अपनाए। मोदी की इस मैत्री वाली पहल से मुख्यमंत्री स्टालिन को क्या अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है, इसलिए एक बार फिर आम लोगों को भड़काने के लिए जबरन हिंदी थोपने जैसी भड़काऊ टिप्पणी करते फिर रहे हैं। स्टालिन का यह कहना भी कितना बड़ा झूठ है कि हिंदी ने न जाने कितनी भाषाओं को निगल लिया है।

स्टालिन यह समझाने में असफल रहे हैं कि हिंदी से तमिलनाडुवासियों का किस तरह विकास अवरुद्ध होगा और अंग्रेजी के जरिए ही उनका विकास हो सकता है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी और तमिल दो हैं, इससे क्या बच्चों पर अंग्रेजी सीखने की दोहरी मार नहीं होती। वोट बैंक के मद्देनजर या आने वाले वक्त में सत्ता छिनने के डर से यदि यह भाषाई विरोध की आग फिर धधकाई जा रही है तो इससे न तो तमिलवासियों का कोई हित होने वाला है, न उन बच्चों का जो हिंदी सीखकर उत्तर भारत में बेहतर नौकरी के अवसर को पा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह



# शेयर बाजार में जल्द ही तेजी आने के आसार

अट्ठाईस फरवरी को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के क्रैश करने के बाद भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। 3 मार्च को सेंसेक्स 112 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी 50.5 अंक। 4 मार्च को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई,जबकि 5 मार्च को सुबह में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी देखी गई। चूंकि, सेंसेक्स में पिछले 5 महीनों से गिरावट दर्ज की जा रही है और निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। लिहाजा, छोटे निवेशकों में घबराहट की स्थिति बनी हुई है। उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि शेयर बाजार में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है और बाजार का बुरा दौर अभी जारी रहेगा। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियां, डॉलर के मुक़ाबले रुपये का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध की आशंका, भू-राजनैतिक संकट, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा अपनाई गई नीतियां आदि। सेबी शेयर बाजार का नियामक है, लेकिन सेबी की उपस्थिति के बावजूद इसमें कृत्रिम रूप से गिरावट लाने और फिर उसे उठाने के कुछ मामले देखे गये हैं। ऐसा कुछ खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है,जिसमें सबसे अधिक नुकसान छोटे निवेशकों को होता है। बाजार में गड़बड़ी को भांपने के लिए सतर्क रहने और बाजार को समझने की जरूरत है। शेयर बाजार की चाल पर लगातार नज़र रखकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। यह जरूरी है कि शेयर बाजार में निवेश को जीवनयापन का जरिया बनाने की कोशिश नहीं की जाये और अत्यधिक लालच से बचा जाये। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बड़ी राशि निवेश कर रखी है। 28 फरवरी को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि इस साल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 28 फरवरी को लगभग 8 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली की। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन होना और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के महत्वपूर्ण कारक हैं।

दरअसल, भारत में भेड़चाल की परंपरा है। कुछ लोगों को बिकवाली करते हुए देखने के बाद दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने लगे। ऐसा इसलिए लग रहा है, क्योंकि 28 फरवरी को आईटी, टेलीकॉम, स्वास्थ्य, बैंकिंग, एफएमसीजी आदि सभी क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई है। इसलिए,बाजार के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश प्रतीत नहीं हो रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विकास की रफ्तार में तेजी आ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आयेगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने से विकास की गति में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही, विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम होगी और निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलना संभव सकेगा। इसलिए,निवेशकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ बेवजह बिकवाली से बचने की आवश्यकता है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वीकारोक्ति:गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## फाल्गुन महोत्सव



आगरा में बुधवार को श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन भक्त रंग और गुलाल के साथ जश्न मनाते हुए।


## आज की पाती

### सेमेस्टर सिस्टम कर सकता है सपनों को पूरा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। निःसंदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं। आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहे हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने के लिए दो बार परीक्षाओं का प्रावधान होगा, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट भी होगी। – *विवेक सोनी, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### गोसेवा से आत्मिक शांति



गोमाता में करोड़ों देवी-देवताओं का वास माना गया है। वे केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनाओं की आधारशिला भी हैं। उनकी सेवा से जो आत्मिक शांति, सुकून और परमानंद की अनुभूति होती है, वह अप्रतिम है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कुलियों के अधिकार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज़ नहीं सुनी जा रही। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताक़त से लड़ूंगा!

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। जो सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खान-पान पर दें ध्यान



हमें 'द लैंसेट एंडो' के अध्ययन को गंभीरता से लेना चाहिए और अच्छी खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधियों की दिशा में काम करना चाहिए, खास तौर पर युवा आबादी के बीच।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

## करंट अफेयर


# एआई डीपफेक लोगों की पहचान के लिए खतरा



आपकी आवाज की कीमत कितनी है? यह लगभग 100 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जितनी हो सकती है। हाल ही में एबीसी न्यूज वेरिफाई ने संघीय सीनेटर जैकी लैम्बी की आवाज की उनकी अनुमति लेकर क्लोनिंग की और इसपर इतनी ही राशि खर्च की और इसके लिए आसानी से सुलभ एक ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल किया। यह उदाहरण यह रेखांकित करता है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप्स, जो डीपफेक या वॉयस क्लोनिंग के रूप में किसी व्यक्ति की छवि और/या आवाज की कृत्रिम प्रतिकृति बनाते हैं, सस्ते और उपयोग में आसान होते जा रहे हैं। इससे न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली (विशेषकर चुनावों के समय) को गंभीर खतरा पैदा होता है, बल्कि व्यक्ति की पहचान को भी खतरा होता है। ऑस्ट्रेलिया में अगर किसी व्यक्ति की छवि या आवाज को उनकी अनुमति के बिना डिजिटल रूप से क्लोन किया जाता है तो उनकी सुरक्षा के लिए कानून अपर्याप्त है। ऐसे में 'व्यक्तित्व अधिकार' स्थापित करने से मदद मिल सकती है। फर्जी की पहचान करना मुश्किल डीपफेक प्रौद्योगिकी ऐसी सामग्री तैयार करने में सक्षम है जो अति वास्तविक प्रतीत होती है।

## ऑफ बीट

# साबुत अनाज व चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड में क्या अंतर



यदि आप ब्रेड खरीदने के लिए दुकानों पर जाते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के विकल्प मिलेंगे। लेकिन बिक्री पर उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों के बीच अंतर का पता लगाना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों के अनुसार, साबुत अनाज की ब्रेड मूल अनाज के सभी भागों (एंडोस्पर्म, रोगाणु और चोकर) से बने आटे से बनाई जाती है, जो उनके मूल अनुपात में होता है। चूंकि इसमें अनाज के सभी भाग शामिल होते हैं, इसलिए चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड आमतौर पर सफेद ब्रेड की तुलना में गहरे रंग की और थोड़ी अधिक भूरी होती है, जो केवल एंडोस्पर्म का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। साबुत अनाज की ब्रेड के बारे में क्या विचार है? आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में साबुत अनाज वाली ब्रेड को ऐसी ब्रेड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें या तो पूर्ण अनाज होता है या फिर ऐसी ब्रेड जिसमें अनाज के सभी भाग अपने मूल अनुपात में मौजूद होते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में इन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए निर्माता कानूनी तौर पर सफेद ब्रेड में थोड़ी मात्रा में साबुत अनाज मिला सकते हैं, ताकि उत्पाद अधिक स्वास्थ्यवर्धक लगे।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



ज्यादा सर्दी या गर्मी में तो हम सभी पूरी सावधानी रखते हैं। लेकिन बदलते मौसम में लापरवाही करते हैं। इससे बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए यहां बताई जा रही सावधानियों पर अमल करें।

# बदलते मौसम में करें हेल्थ की प्रॉपर केयर

प्रिकॉशन
संध्या रानी

सर्दी के बाद गर्मी और गर्मी के बाद सर्दी, साल में मौसम का चक्र बदलता रहता है। हर मौसम की अपनी खासियत होती है। लेकिन बदलते मौसम में अगर हम अपने खान-पान और जीवनशैली का पूरा ध्यान रखें, तो ही इसका लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसा न करने पर बीमार भी हो सकते हैं।

**इन दिनों बदल रहा मौसम:** वैसे तो वसंत ऋतु सबसे सुहावना होता है। लेकिन इस बदलते मौसम में दिन के तापमान में बदलाव भी आता रहता है। सुबह और रात में तापमान कम हो जाता है, जिसके कारण ठंड लगने लगती है तो दिन के समय तापमान बढ़ने के कारण गर्मी लगती है। इस स्थिति में हमें अपने स्वास्थ्य का बहुत ध्यान रखना चाहिए। ऐसा न करने पर खांसी, जुकाम, बुखार और शरीर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ठंडे वातावरण से बचें:** इस मौसम में सुबह और शाम के समय तापमान तेजी से बदलता





है तो ऐसे में जरा सी लापरवाही से आपको सर्दी लग सकती है। इससे बचने के लिए दोपहर के समय कहीं बाहर से घर आते ही पंखा या एसी न चलाएं, क्योंकि इससे शरीर का तापमान असंतुलित हो जाएगा। इससे संभव है कि आपको बुखार हो जाए।

**दिन में न सोएं:** इस मौसम में कभी भी दोपहर के समय नहीं सोना चाहिए और रात में देर तक नहीं जागना चाहिए। रात में जागने से शरीर में पित्त बढ़ता है तो दिन में सोने से कफ बढ़ता है। कफ ज्यादा बनने के कारण गला खराब होना, गले में कफ जमा होना, शरीर भारी होना जैसी परेशानी शुरू हो जाती हैं। बुजुर्ग, बीमार और कमजोर व्यक्तियों के लिए अगर दोपहर में सोना जरूरी है या अगर काम की वजह से थकान हो रही है तो दिन में आराम कर लें या थोड़ी नींद ले सकते हैं।

**हाइजीन का ध्यान रखें:** इस मौसम में वायरल संक्रमण भी आसानी से हो सकता है। इससे बचने के लिए साफ-सफाई का खूब ध्यान रखें। अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोकर ही कुछ खाएं। यदि आप ऐसी जगह पर हैं, जहां हैंडवॉश नहीं कर सकते हैं, तो सैनेटाइजर का प्रयोग कर सकते हैं। घर में भी सभी लोग अपना अलग तौलिया और रुमाल का उपयोग करें। अगर परिवार में कोई व्यक्ति पहले से ही बुखार या जुकाम से परेशान है तो उसके संपर्क में आने से बचें।

**संतुलित आहार लें:** इस मौसम में मौसमी फल और सब्जी ही ज्यादा खानी चाहिए, जैसे कि पालक, मटर, गाजर, सरसों का साग, बींस, चुकंदर, पत्ता गोभी, फूल गोभी, खुबानी, स्ट्रॉबेरी, अमरूद, अंगूर, केला, अनार, पपीता, बेर आदि। इस मौसम में ये सब खाने से सेहत अच्छी रहती है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और बाहर के खाने से परहेज करें। फास्ट फूड का सेवन भूलकर भी न करें। सुबह और शाम गुनगुना पानी पीने से मौसम से संबंधित बीमारियों से बच सकते हैं। अगर कुछ गर्म पीने की इच्छा हो तो सामान्य चाय के बजाय ग्रीन या ब्लैक टी पी सकते हैं। अगर कफ की अधिकता महसूस हो रही हो तो एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से राहत मिलेगी।

**योग-व्यायाम करें:** प्रतिदिन अपने सामर्थ्य के अनुसार 30 से 45 मिनट तक योगासन, प्राणायाम और व्यायाम करें। इससे शरीर में कफ की कमी आएगी और इम्यून सिस्टम मजबूत बनेगा। प्राणायाम में सूर्यभेदन, भस्त्रिका और कपालभाति कर सकते हैं।



प्राणायाम हमेशा किसी योग प्रशिक्षक की निगरानी में करें।

**शरीर की मालिश करें:** त्वचा और तंत्रिका तंत्र को मजबूत बनाने के लिए तिल और बादाम के तेल से रोज सुबह धूप में खुद ही शरीर की मालिश करें। मालिश के बाद गुनगुने पानी से स्नान करें। *

(नेचुरोपैथ डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रीशस डाइट लेना, सही रूटीन फॉलो करना और एक्सरसाइज करना तो जरूरी है ही। लेकिन इसके साथ ही डेली रूटीन की कुछ हैबिट्स पर ध्यान देना भी जरूरी है। ये नॉर्मल सी लगने वाली हैबिट्स भी आपको हेल्दी बनाए रखने में इंपॉर्टेंट रोल निभाती हैं। इनके बारे में आपको जरूर मालूम होना चाहिए।

# हेल्दी रहने के लिए इन बैड हैबिट्स से बचें

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. नरेश कुमार
सीनियर फिजीशियन
एलएनजेपी अस्पताल, नई दिल्ली


अमूमन हर कोई हेल्दी रहने के लिए पर्सनल हाइजीन और लाइफस्टाइल की रूटीन हैबिट्स को अपनाता है। लेकिन इन कार्यों को जाने-अनजाने गलत तरीके से करने या जरूरत से ज्यादा करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना भी करना पड़ सकता है। यहां हम आपको ऐसी ही कुछ हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें समुचित तरीके से करने पर हेल्दी रहा जा सकता है।

**चेहरे को रगड़ कर धोना:** चेहरे को साफ बनाए रखने के लिए दिन में 3-4 बार धोना सही माना जाता है। क्योंकि चेहरे की त्वचा शरीर के मुकाबले अधिक सॉफ्ट और सेंसिटिव होती है। इसलिए त्वचा रोग विशेषज्ञ भी चेहरे को फेस-वॉश या माइल्ड सोप से दो-तीन बार हल्के हाथों से थपथपाते हुए धोकर मॉयश्चराइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन कुछ लोग चेहरा गलत तरीके से धोते हैं यानी अपने चेहरे पर रगड़-रगड साबुन लगाकर धोते हैं। इससे चेहरे की त्वचा डैमेज हो जाती है। स्किन ड्राई होने और रेशैज होने का रिस्क भी बढ़ता है।

**पर्सनल चीजें शेयर करना:** हालांकि पैरेंट्स अपने बच्चों को छुटपन से गुड हैबिट्स सिखाते हैं, जिनमें दूसरों के साथ अपनी चीजें शेयर करने की आदत भी एक है। लेकिन हर चीज शेयर करना कई बार नुकसानदायक साबित हो सकता है जैसे- एक-दूसरे के मेकअप प्रोडक्ट्स, कंघी, रेजर, टॉवेल जैसी पर्सनल चीजें शेयर करना। ऐसा करने से कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। असल में हमारे चेहरे या स्किन पर कई तरह के सूक्ष्म कीटाणु होते हैं, जो ऐसी चीजें इस्तेमाल करने से एक से दूसरे व्यक्ति की स्किन या बालों तक पहुंच जाते हैं। इनकी वजह से दूसरे व्यक्ति को भी इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। इसी तरह पुरुषों द्वारा एक-दूसरे का रेजर इस्तेमाल करना रिस्की होता है, क्योंकि फेशियल हेयर या दाढ़ी के अंदर डेड स्किन और कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं, जिनसे दूसरे व्यक्ति को गंभीर इंफेक्शन हो सकता है। मेडिकल साइंस में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें रेजर के इस्तेमाल की वजह से दूसरे व्यक्ति को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी तक का सामना करना पड़ा है।

**कॉटन ईयर-बड्स से कान साफ करना:** अमूमन हम सभी कान साफ करने के लिए ईयर-बड्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन वैक्स साफ करने के लिए इस तरह की चीजें हमारे कानों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। कान हमारे शरीर के 5 प्रमुख सेंसरी ऑर्गंस में से एक है। कान की अंदरूनी संरचना बहुत नाजुक होती है, जो बड्स जैसी नुकीली चीजों के इस्तेमाल से डैमेज हो सकती है। कई बार ईयर बड्स से कान के भीतर की वैक्स बाहर निकलने के बजाय कान के और ज्यादा अंदर चली जाती है, जिससे ईयर ड्रम को नुकसान पहुंच सकता है और अनचाहे ही श्रवण-क्षमता खो सकती है। इसलिए ध्यान रखें कि ईयर बड्स से केवल कान के बाहरी हिस्से की सफाई करनी चाहिए। वैक्स साफ कराने या कान की डीप क्लीनिंग ईएनटी डॉक्टर से ही करवानी बेहतर है।







**ज्यादा टूथपेस्ट से ब्रश करना:** आमतौर पर माना जाता है कि दांत साफ करते हुए झागयुक्त टूथपेस्ट बेस्ट है और ज्यादा पेस्ट लेकर रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांत अच्छी तरह साफ होते हैं। देखा जाए तो कई टूथपेस्ट्स में झाग ज्यादा बनाने के लिए सोडियम क्लोराइड, प्रोप्लेन ग्लाइकॉल जैसे केमिकल्स इस्तेमाल किए जाते हैं। इनसे भले ही झाग ज्यादा बनती है लेकिन ये हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादा पेस्ट लेने और रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांतों के इनेमल घिसने लगते हैं और दांत ही नहीं, मसूड़े भी कमजोर हो जाते हैं। डेंटल एक्सपर्ट की मानें तो माउथ हाइजीन मेंटेन करने के लिए दिन में 2 बार ब्रश (खासकर रात को सोने से पहले) करना जरूरी है। लेकिन ब्रश करते समय मटर के दाने के बराबर टूथपेस्ट लेना ही पर्याप्त है।



**छींकते-खांसते समय हाथ रखना:** आपने अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि छींकते-खांसते हुए अपने हाथ से ढंकें। हालांकि इसके पीछे उनकी मूल मंशा यह रहती है कि नाक-मुंह से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स हवा के साथ मिलकर आस-पास के लोगों तक न पहुंचें और उन्हें बीमार न करें। लेकिन वैज्ञानिकों के मुताबिक ऐसे मौके पर टिश्यू पेपर या रुमाल का इस्तेमाल करना हितकारी है। छींकते-खांसते वक्त हमारे शरीर से ड्रॉपलेट्स के साथ कई तरह के जर्म्स भी निकलते हैं। जो चेहरा ढंकने पर हाथों में आ जाते हैं। हैंडवॉश न करने और एहतियात न बरतने पर जाने-अनजाने वापस आपके शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं और बीमारी का कारण बनते हैं। कोशिश करें कि वन-टाइम यूज में आने वाले टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करें और तुरंत डस्टबिन में फेंकें।

**खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीना:** हममें से कई लोग खाना खाने के साथ या फिर खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। ऐसा करना हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए नुकसानदायक है। खाना पेट में जाता है तो पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड समेत कई पाचक एंजाइम्स भी बनने लगते हैं, जो खाना पचाने में मदद करते हैं। लेकिन खाने के बाद पानी पीने से इन एंजाइमों की तीव्रता कम हो जाती है, जिससे खाना पूरी तरह डाइजेस्ट नहीं हो पाता और इससे प्रायः अपच की शिकायत हो जाती है। इसलिए खाने के बाद यथासंभव पानी पीना अवॉयड करना चाहिए। हां, बहुत जरूरी हो तो एकाध घूंट पी सकते हैं।

**खाने के बाद तुरंत सो जाना:** कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद लेट जाते हैं और सो जाते हैं। इस हैबिट का हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा करने से खाना पेट में जाने के बजाय फूड पाइप में रह जाता है और ठीक तरह से डाइजेस्ट नहीं हो पाता। इससे अपच, चेस्ट में जलन, हार्टबर्न, पेट दर्द और सोने में परेशानी होने लगती है। डाइजेशन गड़बड़ाने से कैलोरीज बर्न नहीं हो पातीं, इससे मोटापा और कई लाइफस्टाइल डिजीज की गिरफ्त में आने का खतरा बना रहता है। जरूरी है कि खाने और सोने के समय से 2-3 घंटे पहले खा लेना चाहिए और 10-15 मिनट टहलना चाहिए। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## रेग्युलर नेल्स ट्रिम न करना




**मौजूदा दौर** में लंबे नाखून रखना और नेल-आर्ट करना कुछ लोगों के लिए फैशन सिंबल है। वहीं कुछ लोग लंबे नाखून रखना पसंद नहीं करते और नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करने के बजाय दांतों से काटते रहते हैं। सेहत के लिहाज से दोनों अहितकारी हैं। भले ही हम दिन में कई बार हाथ धोते हों, लेकिन नाखूनों की ठीक से सफाई करने से अकसर चूक जाते हैं। लंबे नाखूनों की निचली सतह पर अदृश्य कीटाणु चिपके रह जाते हैं, जो आसानी से शरीर में पहुंचकर हमें बीमार कर सकते हैं। इसके अलावा नाखूनों की बनावट पर गौर करें तो फिंगर-टिप्स से जुड़ा नाखूनों के गुलाबी हिस्से से शरीर की कई सेंसेटिव नर्व्स जुड़ी होती हैं। ठीक तरह ट्रिम न करने पर नर्व्स डैमेज हो जाती हैं, जिनकी वजह से ब्लीडिंग और दर्द का सामना करना पड़ सकता है। लिहाजा अपने नाखूनों को नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करें। और अगर नाखून लंबे रखना चाहते हैं तो साफ-सफाई का ध्यान रखना न भूलें।

# अनेक रोगों से राहत दिलाए गुग्गुल

उपयोगी औषधि
रेखा देशराज





गुग्गुल या गुग्गल, झाड़ीनुमा एक ऐसा पेड़ है, जिससे निकलने वाली राल या गोंद (रेजिन) जैसे पदार्थ को भी गुग्गुल ही कहते हैं। आयुर्वेद में इसका सदियों से औषधि के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। गुग्गुल की इस गोंद से आयुर्वेद की अनेक दवाएं बनती हैं। इससे ही कैशोर गुग्गुल, चंद्रप्रभा वटी और महायोगराज गुग्गुल जैसी औषधियां बनाई जाती हैं। गुग्गुल आजकल सबसे ज्यादा राजस्थान (थार के मरुस्थल), उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड), गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पैदा होती है।

**गुग्गुल के प्रकार:** आयुर्वेद में इस गोंद या राल के पांच भेद बताए गए हैं, जो इस प्रकार हैं- महिषाक्ष, महानील, कुमुद, पद्म और हिरण्य। इनमें से महिषाक्ष और महानील हाथियों के लिए, कुमुद तथा पद्म घोड़ों के लिए उपयोगी होते हैं। जबकि पांचवां या हिरण्य गुग्गुल मनुष्यों के लिए उपयोगी है।

**स्वास्थ्य के लिए लाभकारी:** गुग्गुल कफ, वात, कृमि, शोथ और अर्शनाशक होती है। गुग्गुल से कई योग तो बनते ही हैं, साथ ही यह त्रिफला, गोक्षरादि गुग्गुल, सिंहनाद और चंद्रप्रभा गुग्गुल आदि औषधियों के निर्माण में भी उपयोगी द्रव्य होता है। गुग्गल के अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं। यह हृदय रोगों के उपचार में बहुत फायेदमंद है, क्योंकि गुग्गल की गोंद कोलेस्ट्रॉल को कम करती है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है। इसके इस्तेमाल से मोटापे पर काबू पाने में भी मदद मिलती है। गठिया और शरीर के दूसरे दर्दों के लिए भी यह राहत देने वाली औषधि है, क्योंकि इसके इस्तेमाल से शरीर में सूजन खासकर जोड़ों की सूजन और दर्द कम होता है। त्वचा रोगों जैसे एक्जिमा, फोड़े फुंसी और दूसरे विकारों में यह बहुत कारगर है। थाइरॉयड को संतुलित रखने और प्रजनन स्वास्थ्य में भी गुग्गल बहुत उपयोगी है। मुख्य रूप में इसे हृदय रोगों, जोड़ों के दर्द, मोटापा और दूसरी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है। *

आम धारणा यही है कि बच्चे तो खिलंदड़ स्वभाव के होते हैं और मस्त रहते हैं। भला उन्हें अवसाद, उदासी और अकेलापन क्या सताएगा? लेकिन मौजूदा दौर में बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस बारे में आपको जानना बहुत जरूरी है।

# बच्चों-टीनएजर्स में भी बढ़ रहा डिप्रेशन

मेंटल हेल्थ
शिखर चंद जैन





विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल और किशोर कोष (यूनिसेफ) की एक नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 10 से 19 वर्ष का हर सातवां बच्चा-किशोर अवसाद और बेचैनी की समस्या से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक तिहाई बच्चों में 14 वर्ष से पहले और आधे में 18 से पहले मानसिक समस्याएं आने लगती हैं। रिपोर्ट के अनुसार बच्चों और किशोर की मानसिक समस्याओं को समझा नहीं जा रहा और उनकी समुचित देखरेख, सहायता या चिकित्सा भी नहीं हो रही है। भारत में भी यह बड़ी समस्या बन रही है।

**अकेलापन क्यों:** बच्चों में अकेलेपन की वजह उनका नजदीकी माहौल हो सकता है। जैसे नए स्कूल में परिचित सहपाठी न होना, माता-पिता के बीच रोज कलह होना, किसी पसंदीदा परिजन की मृत्यु, दोस्तों के साथ झगड़ा, माता-पिता से पर्याप्त स्नेह न मिलना, किसी के द्वारा बुलीइंग, न्यूक्लियर परिवार, नाना-नानी या दादा-दादी के प्यार से वंचित रहना, परिजनों द्वारा क्वालिटी टाइम न मिलना आदि बच्चों में अकेलापन महसूस करने की बड़ी वजह हैं।

**पीयर प्रेशर भी है कारण:** कई बार पैरेंट्स अपने बच्चों की क्षमता और दिलचस्पी न समझ कर उन पर दबाव डालते हैं कि वे अपने आस-पास के दूसरे बच्चों या अपने फ्रेंड्स की तरह परफॉर्म करें, ज्यादा मार्क्स लाएं, उनके जैसा बिहेव करें। साथ ही छोटी-सी उम्र में ही उन्हें प्ले स्कूल के नाम पर घर से बाहर भेज दिया जाता है और वहां भी दूसरे बच्चों से उनकी तुलना होती है। इस पीयर प्रेशर से भी उनकी मेंटल हेल्थ बिगड़ती है।

**आउटडोर एक्टिविटीज की कमी:** एक दशक पहले तक बच्चों में घर से बाहर खेलने की प्रवृत्ति थी। वे अपने घर या पड़ोस के हम उम्र साथियों के साथ क्रिकेट, छुपम-छुपाई, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे आउटडोर गेम या दिमागी कसरत वाले या फिर व्यस्त रखने वाले पजल्स, कैरम, लूडो, मोनोपोली आदि खेलते थे। स्कूल में भी इंटरवल के दौरान क्लासरूम, स्कूल के चौक या मैदान में धमा चौकड़ी मचाते थे। लेकिन आज के बच्चों की दुनिया स्वयं तक और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक सीमित रह गई है। इससे दिल-दिमाग और शरीर फिजिकल एक्टिविटीज में संलग्न नहीं रहता। नतीजतन सुस्ती, उदासी और अकेलापन महसूस होता है।


**रील कल्चर का प्रेशर:** इंस्टाग्राम हो या यूट्यूब चैनल, फेसबुक की रील्स हों या शॉर्ट फिल्म्स, हर तरफ बच्चों के कारनामे दिखाने वाले वीडियो की बाढ़ सी आई हुई है। टेक्नोसेवी और पापुलैरिटी की चाहत में माता-पिता अपने बच्चों को भी वैसे ही हरकतें या कथित टैलेंट का प्रदर्शन करने को कहते हैं। ताकि वे रील बनाकर ढेर सारे लाइक्स, व्यूज और कॉमेंट्स बटोर सकें। बच्चों का मन ना होते हुए भी यह सब करना पड़ता है तो वे बेचैन और चिड़चिड़ा हो जाते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं।

**पैरेंट्स क्या करें:** बच्चों-किशोरों में बढ़ती इस समस्या से बचाने के लिए कई मनोचिकित्सक पैरेंट्स को कुछ सलाहें देते हैं। इन पर आप भी अमल कर सकते हैं। जैसे- जब भी आप महसूस करें कि आपका बच्चा आजकल गुमसुम अकेला और चिंतित रहता है, खाने में या खेलने में रुचि नहीं लेता तो आपको सजग हो जाना चाहिए। तुरंत उसका कारण जानें। बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें। न ही उन्हें तुलनात्मक हीनता का शिकार बनाएं। उसकी रुचि किन एक्टिविटीज में है, यह समझें और उसी के अनुरूप व्यवस्था करें। बच्चों के साथ खेलकूद में आप भी इंवॉल्व हों। बच्चों के साथ इमोशनल बॉन्डिंग बढ़ाएं। इन कोशिशों से अगर बच्चे की उदासी, तनाव और डिप्रेशन कम नहीं हो रहा है तो चाइल्ड काउंसलर से संपर्क करें। *

अगर आपका मन अशांत रहता है, बात-बात पर गुस्सा आता है, बीपी हाई रहता है, गर्मी में बेचैनी बढ़ती है तो आपको शीतली प्राणायाम करना चाहिए। इसे करना आसान है लेकिन इसे करने के अनेक फायदे होते हैं। इसके बारे में विस्तार से जानिए।

# मन को रखे शांत-शीतल शीतली प्राणायाम

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'



हल्की गर्मी शुरू हो चुकी है। होली के बाद तापमान और बढ़ने लगेगा। कई लोगों को वैसे तो हर मौसम में लेकिन खासतौर पर गर्मी के मौसम में बात-बात पर गुस्सा आने लगता है। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो इस बार गर्मियों की शुरुआत से ही हर दिन शीतली प्राणायाम का अभ्यास करें।

**शीतली प्राणायाम के फायदे:** यह प्राणायाम शरीर को ऊर्जा से लबालब और दिमाग को शांत रखने में कारगर है। नियमित रूप से शीतली प्राणायाम करने से गर्मी से तो राहत मिलती ही है, शरीर का तापमान ज्यादातर समय सामान्य रहता है। जिस कारण दिमाग शांत रहता है, तनाव और चिंता कम होती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बदलते मौसम में मजबूत बनी रहती है। नींद अच्छी आती है, त्वचा में चमक आती है और अगर बाल झड़ते हैं तो बिल्कुल रुक जाते हैं या कम हो जाते हैं। इस तरह देखा जाए तो गर्मियों की शुरुआत में इम्यूनिटी मजबूत बनाए रखने के लिए और शरीर को शीतल रखने के लिए शीतली प्राणायाम बहुत कारगर होता है।

**कब करें:** शीतली प्राणायाम हमेशा सुबह खाली पेट या खाना खाने के 4 घंटे बाद करना चाहिए। यह प्राणायाम हमेशा शांत और साफ वातावरण में करें। सुबह के समय अभ्यास करने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि पेट पूरी तरह से साफ होता है। वातावरण में शरीर के अनुकूल शीतलता होती है। धूल और गर्मी नहीं होती। शीतली प्राणायाम धीमी और नियंत्रित गति से करना चाहिए।

**करने का सही तरीका:** शीतली प्राणायाम को सही तरीके से करने के लिए पहले योगा मैट पर आरामदायक ध्यान मुद्रा में बैठ जाएं। हाथों को घुटनों पर रख लें। आंखें बंद कर लें और पूरे शरीर को शिथिल छोड़ दें या धीरे-धीरे शिथिल कर लें। शीतली प्राणायाम करने के लिए जरूरी है कि बिना तनाव के जीभ को मुंह से बाहर निकालें यानी बिना खींचे हुए जीभ को मुंह से बाहर निकालें। फिर धीरे-धीरे जीभ के किनारों को रोल करें, जिससे यह नालिका जैसी बन जाए और अब इसी नालिका या ट्यूब के माध्यम से धीरे-धीरे सांस अंदर लें। सांस लेते समय इसके अंत में जीभ को मुंह में वापस अंदर ले लें और मुंह बंद करके नाक के माध्यम से सांस छोड़ें। सांस लेते समय तेज हवा की तरह ध्वनि पैदा होनी चाहिए और जीभ तथा मुंह की छत पर बर्फीली शीतलता का एहसास होना चाहिए। यह एक चक्र है, इसी तरह के नौ चक्र पूरे करें।

**बरतें सावधानियां:** अगर आप बलगम से पीड़ित हों, ब्रोंकाइटिस की समस्या से जूझ रहे हों, अस्थमा हो, श्वसन विकार या कम रक्तचाप जैसी परेशानियां हों तो शीतली प्राणायाम का अभ्यास करने से बचें। यही नहीं जिन्हें हृदय रोग की समस्या हो, उन्हें भी शीतली प्राणायाम से बचना चाहिए। शीतली प्राणायाम का अभ्यास पुरानी कब्ज की समस्या को बढ़ा देता है, इसलिए जिन्हें लंबे समय से कब्ज की समस्या हो, उन्हें भी यह करने से बचना चाहिए और हां, सर्दियों में या जब वातावरण में ठंडक हो, तब भी इसे न करें। शीतली प्राणायाम को तब भी न करें, अगर किसी तरह का इंफेक्शन हो। वैसे तो यह आसान है लेकिन बेहतर होगा कि इसे किसी योगाचार्य से सीखकर ही अभ्यास करें। *



# स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद हुए निराश

**टेस्ट और टी20 में देते रहेंगे योगदान**

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और मुख्य बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन वह टेस्ट और टी20 खेलते रहेंगे। चोटिल पैट कमिंस की गैर मौजूदगी में कप्तानी करने वाले पैतीस बरस के स्मिथ ने सेमीफाइनल मैच में 96 गेंद में 73 रन बनाए। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था।

स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैने हर पल का मजा लिया। हमने अद्भुत समय देखा और कई सुखद यादें हैं। इतने बेहतरीन साथियों के साथ दो विश्व कप जीतना शानदार था।'



### 12 वनडे शतक

लेग स्पिन हरफनमौला के तौर पर 2010 में पदार्पण के बाद स्मिथ ने आस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे में 43.28 की औसत से 12 शतक समेत 5800 रन बनाए।

### दो बार के विश्व चैंपियन

आस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे स्मिथ 2015 और 2021 में आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2015 में आईसीसी वर्ष की पुरुष वनडे टीम में चुना गया था। वह 2015 में कप्तान बने थे और आखिरी मैच में भी उन्होंने कप्तानी की।

### टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता

स्मिथ ने कहा, 'अब लोगों के लिए विश्व कप 2027 की तैयारी शुरू करने का मौका है लिहाजा मुझे लगा कि दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर उत्साहित हूं। इसके बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से खेलना है। मुझे लगता है कि अभी भी योगदान दे सकता हूं।'

# दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने टेबल टेनिस को कहा अलविदा

- 25 मार्च से खेलेंगे अंतिम विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट
- राष्ट्रमंडल खेलों में जीते सात स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्लूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।' शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेला था जिसमें वह उद्घाटन समारोह में भारत के संयुक्त ध्वजवाहक थे। अपने दो दशक लंबे करियर का अंत करने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।

ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।' शरत वर्तमान में भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष हैं।दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत अब भी आईटीटीएफ तालिका में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

### यह बड़ी टेबल पर खेलने का अंत

शरत ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा संदेश पोस्ट किया। चेन्नई के इस टेबल टेनिस खिलाड़ी ने उस समय को याद किया जब उन्होंने दो साल की उम्र में पहली बार रैकेट पकड़ा था, तब वह भी नहीं जानते थे कि यह उनका सबसे लंबे समय तक चलने वाला साथी बन जाएगा। शरत ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं पूरी तरह से खेल छोड़ रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से यह दर्शकों की भीड़ के सामने बड़ी टेबल पर खेलने का अंत है। अपने 'बंदाना' और 'रैकेट' को थोड़ा आराम देने का समय है। इस खेल ने मुझे जो खुशी, प्यार, दर्द, सबक दिया है उसके लिए आभारी हूं। हर छोटी चीज हमेशा मेरे साथ रहेगी। यह कल्पना करना कठिन है कि जब मैं टेबल टेनिस नहीं खेल रहा हूंगा तो जीवन कैसा होगा। लेकिन ऐसा होगा ही।'

### चैलेंज लीग...



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वीवाईबीके स्टेडियम में बुधवार को गुरबानोव याज्गिलिच, सफेद पोशाक में, भारत के ईस्ट बंगाल एफसी और तुर्कमेनिस्तान के एफसी अर्काडाग के बीच एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 फुटबॉल मैच के दौरान गोल करने के लिए शॉट लेते हुए।

## खबर संक्षेप



### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने शैंकलैंड से ड्रॉ खेला

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अरविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका जबकि अरविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार आज सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किए के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं और अगले दो में प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलना है जबकि अराविंद को एक ही मुकाबला सफेद मोहरों से खेलना है। सातवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद की टक्कर अनीश से होगी।

### कोनोली के शॉट्स चयन से खफा हीली



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर इयान हीली ने कूपर कोनोली के तकनीकी कौशल पर सवाल उठाया है। हीली ने कहा, 'मैं बहुत नाराज हूं। ट्रेविस हेड उसे इशारा कर रहा था कि विकेट कितना धीमा है। ऐसी पिच पर आपको जगहें तलाशनी होती है, चौकों का इंतजार नहीं करना होता। वह नौ गेंद खेल गया और एक भी रन नहीं बनाया। पहली आठ गेंदों पर चूका और नौवीं पर विकेट ही दे बैठा। कोनोली ने फुटवर्क दिखाया ही नहीं और शॉट्स भी बहुत खराब थे। वह गेंद को देख ही नहीं रहा था। वह गेंद की लाइन पकड़ ही नहीं पाया।'

### लय वापिस पाने की कोशिश कर रहा हूं



**दुबई।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरुरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पंड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पंड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं।

## 9 मार्च को दुबई में खेला जाएगा चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला

# न्यूजीलैंड-भारत में होगा खिताबी मुकाबला रविंद्र और विलियमसन के शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| लहौर

न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत 9 मार्च को भारत से होगी। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और केन विलियमसन ने शानदार शतक जमाया। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर का शतक और रेसी वान डेर डुसेन (तथा कप्तान तेंबा बावुमा का अर्धशतक बेकार चला गया।

न्यूजीलैंड ने इससे पहले रविंद्र (108 रन) और विलियमसन (102 रन) के शतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 362 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है। ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 49) और डेरिल मिचेल (49 रन) ने अंत में पांचवें विकेट के लिए 30 गेंद में 57 रन जोड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। टीम ने अंतिम 10 ओवर में 112 रन जोड़े।



### विलियमसन के 19 हजार रन पूरे

केन विलियमसन ने अपने वनडे कॅरियर का 15वां शतक जड़ा। विलियमसन इंटरनेशनल क्रिकेट में 19,000 रन पूरे करने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वह 440 पारियों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले चौथे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 399 पारियों में इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी हैं।

### सबसे तेज 19,000 रन

| पारी | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 399 | विराट कोहली | भारत |
| 432 | सचिन तेंदुलकर | भारत |
| 433 | ब्रायन लारा | वेस्टइंडीज |
| 440 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड |
| 444 | जो रूट | इंग्लैंड |
| 444 | रिकी पोंटिंग | आस्ट्रेलिया |

### रचिन रवींद्र ने जड़ा रिकॉर्ड शतक



### एक संस्करण में शतक

| शतक | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 3 | क्रिस गेल | 2006 |
| 2 | सौरव गांगुली | 2000 |
| 2 | सईद अनवर | 2000 |
| 2 | हर्शल गिब्स | 2002 |
| 2 | उपुल थरंगा | 2006 |
| 2 | शेन वॉटसन | 2009 |
| 2 | शिखर धवन | 2013 |
| 2 | रचिन रवींद्र | 2025 |

### न्यूजीलैंड के 5 शतक

2025 संस्करण में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज शतक लगा चुके हैं। यह भी अपने आप में खास रिकॉर्ड है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विल यंग और टॉम लाथम ने शतक लगाया था। बांग्लादेश के खिलाफ रचिन रवींद्र ने 112 रन बनाए थे। अब सेमीफाइनल में रचिन और केन ने सेंचुरी लगाई।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यंग का मार्करम बो एनगिडी | 21 | 23 | 3 | 0 |
| रविंद्र का क्लासेन बो रबाडा | 108 | 101 | 13 | 1 |
| विलियमसन का एनगिडी बो मुल्डर | 102 | 94 | 10 | 2 |
| डेरिल मिचेल का रबाडा बो एनगिडी | 49 | 37 | 4 | 1 |
| टॉम लैथम बो रबादा | 04 | 05 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 49 | 27 | 6 | 1 |
| ब्रेसवेल का रिकेल्टन बो एनगिडी | 16 | 12 | 2 | 0 |
| मिचेल सेंटनर नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11, कुल : 50 ओवर में 362/6
गेंदबाजी : यानसेन 10-0-79-0, एनगिडी 10-2-72-3, रबाडा 10-1-70-2, मुल्डर 6-0-48-1, महाराज 10-0-65-0, मार्करम 4-0-23-0.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का ब्रेसवेल बो हेनरी | 17 | 12 | 4 | 0 |
| बावुमा का विलियमसन बो सेंटनर | 56 | 71 | 4 | 1 |
| रेसी वान डेर डुसेन बो सेंटनर | 69 | 66 | 4 | 2 |
| एडेन मार्करम का एवं बो रविंद्र | 31 | 29 | 3 | 0 |
| क्लासेन का हेनरी बो सेंटनर | 03 | 07 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 100 | 67 | 10 | 4 |
| मुल्डर का रविंद्र बो ब्रेसवेल | 08 | 13 | 1 | 0 |
| यानसेन पगबाधा बो फिलिप्स | 03 | 07 | 0 | 0 |
| महाराज का लैथम बो फिलिप्स | 01 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का फिलिप्स बो हेनरी | 16 | 22 | 2 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 50 ओवर में 312/9
गेंदबाजी : हेनरी 7-0-43-2, जेमीसन 7-1-57-0, ओरोर्के 8-0-69-0, ब्रेसवेल 10-0-53-1, सेंटनर 10-0-43-3, रविंद्र 5-0-20-1, फिलिप्स 3-0-27-2.

**वनडे रैंकिंग**

## चौथे स्थान पर पहुंचे कोहली अक्षर-शमी को भी फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की विजयी पारी के बाद बुधवार को बल्लेबाजों की आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए।

कोहली को जहां फायदा हुआ, वहीं कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन भी एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत के उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी क्रमशः ऑलराउंडर और गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार करते हुए आगे बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा ऑलराउंडर रैंकिंग में पटेल करियर के सर्वोच्च 194 रेटिंग अंकों के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक आठ विकेट लेने वाले शमी इस बीच तीन पायदान ऊपर चढ़कर 609 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बेखौफ क्रिकेट खेलने से टी20 में सफलता मिली



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। रहाणे ने कहा, 'मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।'

### अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया



**दुबई।** आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा। भारत ने पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। गंभीर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।'

**16 रन से 52वें वनडे शतक से चूके 36 वर्षीय विराट**

# नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर हैं किंग कोहली

एजेंसी ▶▶| दुबई

मैदान पर हर प्रतिद्वंद्वी के साथ साथ पिछले कुछ अर्से से चली आ रही अपनी निजी कमजोरियों को भी चैंपियंस ट्रॉफी में मीलों पीछे छोड़ देने वाले विराट कोहली क्रिकेट की रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम कई बार दर्ज कराने के बाद भी नई ऊंचाइयों को छूने को आतुर लग रहे हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। वैसे उन्हें मायूसी नहीं होगी क्योंकि उन्होंने इस पारी से कई उपलब्धियां हासिल की है। पहली तो यह कि लंबे समय से स्पिनरों ने उन्हें परेशान कर रखा था जिससे वह उबर गए हैं। दूसरी उनका अर्धशतक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ था जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। यह चमत्कार हालांकि रातोंरात नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत है।



### हालात के अनुकूल ढलने में माहिर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह वनडे क्रिकेट में जबर्दस्त खिलाड़ी है। उसे पता है कि पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करते हुए कैसे रणनीति बनानी है। वह हालात के अनुकूल तेजी से ढल जाता है और यही वजह है कि आला दर्जे के खिलाड़ी और अनुभव क्यों महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में उसका इतना जबर्दस्त रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही खेलते रहेगा।'

### यूपी वारियर्स का मुंबई के खिलाफ मैच आज



**लखनऊ।** खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वारियर्स को महिला प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वारियर्स की प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी है। उसे इकाना स्टेडियम पर पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स ने बड़े अंतर से हराया। 81 रन से मिली हार ने उन्हें तालिका में सबसे नीचे धकेल दिया और रनरेट भी गिरा दिया। अब दो ही मैच बचे हैं और उन्हें लगातार तीसरी हार से बचना होगा।

# भारत करेगा एशियाई योगासन चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।



# गर्मी की दस्तक से पहले ही सूखने लगी शिवनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



बीते वर्ष सितंबर के महीने में अपना विकराल रूप दिखाने वाली शिवनाथ नदी गर्मी के शुरूआती दिनों में ही सूख गई है। नदी में जल का बहाव नहीं है। शिवनाथ नदी में अभी इतना भी पानी नहीं है कि उसकी धार बनी रहे। किसानों को सिंचाई सहित लोगों को निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को घाट पर पानी नहीं मिलने के चलते लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदी के सूखने के चलते रेत उत्खनन भी जोरों पर हो रहा है। गर्मी के शुरूआती दिनों में ही शिवनाथ नदी में पानी नहीं है। जगह-जगह से नदी सूख चुकी है। ऐसे में शिवनाथ नदी के भरोसे रहने वाले गांव में जल संकट गहराएगा। वहीं राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति के लिए शिवनाथ नदी से ही पानी लिया जाता है। शिवनाथ नदी सूखने की वजह से अब पेयजल के लिए दूसरे जलाशयों से पानी लेने की तैयारी की गई है।

### बाढ़ के बाद सूखा

बीते सितंबर माह में शिवनाथ नदी का विकराल रूप दिखाई दिया था। शिवनाथ नदी के किनारे सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे और नदी अपने क्षेत्र से दो-तीन फीट ऊपर तक बह रही थी। वहीं अब गर्मी के शुरूआती दिनों में ही नदी सैकड़ों गांव में सूख चुकी है। जगह-जगह से नदी की धार कट गई है ।

### गांवों में निस्तारी की समस्या

जिले के रातापायली क्षेत्र में शिवनाथ नदी पूरी तरह से सूखी हुई दिखाई दे रही है। चारो ओर रेत ही रेत नजर आ रहा है। शिवनाथ नदी के किनारे बसने वाले गांव के लिए यह नदी काफी महत्वपूर्ण है। इस नदी में ही लोग अपनी निस्तारी करते हैं।

### एनीकट में पानी कम, सूखी नदी

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी भी एक तरफ से सूख गई है। यहां शिवनाथ नदी के सिर्फ एक हिस्से में ही पानी नजर आ रहा है। जबकि एक तिहाई हिस्से में सिर्फ रेत दिखाई दे रही है। वहीं मोहारा एनीकट में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है। जिसके चलते नगर निगम द्वारा अन्य जलाशय से गर्मी में पेयजल आपूर्ति को देखते हुए पानी लिया जा रहा है।

# अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू

**38 दिवसीय वार्षिक यात्रा 9 अगस्त को होगी संपन्न**



एजेंसी ▶▶| जम्मू

दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में निर्णय राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। प्रवक्ता ने कहा, इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों - अनंतनाग जिले में पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग के रास्ते एक साथ शुरू होगी।

**3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ**

### उपराज्यपाल ने की समीक्षा

संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था और अपेक्षित सुविधाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने श्रीनगर के पंथा चौक स्थित यात्री निवास में क्षमता बढ़ाने के लिए भी कहा।

# डीआरडीओ ने तेजस के जीवन रक्षक सिस्टम का अधिकतम ऊंचाई से किया सफल परीक्षण

**रक्षा मंत्री ने दी संगठन, वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के लिए एकीकृत जीवन रक्षक सिस्टम (आईएलएसएस) का अधिकतम ऊंचाई से सफल परीक्षण किया है। यह स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) पर आधारित एक अत्याधुनिक प्रणाली है। जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके बाद पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और रक्षा क्षेत्र के उद्योग जगत को बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की वचनबद्धता को सशक्त करती है। सही मायनों में यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी।

### सभी मापदंडों पर खरा उतरा सिस्टम

मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण के दौरान प्रणाली ने सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) से उड़ान की मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मूल्यांकन में शामिल किए गए पहलुओं में ऑक्सीजन सांद्रता, डिमांड ब्रीथिंग, 100 फीसदी ऑक्सीजन की उपलब्धता, एंटी-जी-वाल्व के पूर्ण कार्यात्मक परीक्षण के लिए आवश्यक ऊंचाइयों पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और रीजॉइन एप्रोच तथा लैंडिंग के दौरान ब्रीथिंग ऑक्सीजन सिस्टम चालू करना मुख्य हैं।




# द्विपक्षीय संबंधों सहित यूक्रेन बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक हालातों के बीच ब्रिटेन के चेवनिंग हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम-एशिया, राष्ट्रमंडल सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई। जयशंकर ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों में चेवनिंग हाउस ब्रिटेन के विदेश मंत्री के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई।

**ब्रिटेन के चेवनिंग हाउस में जयशंकर-लैमी की बैठक**

### स्थिरता, समृद्धि में संबंधों का योगदान

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री से बातचीत में हमने यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम एशिया की स्थिति, राष्ट्रमंडल के साथ ही क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में भारत और ब्रिटेन संबंध स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते हैं।

# फेसबुक पर हुई दोस्ती प्यार में बदली, थाने में शादी

**हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद मिलन**



**पटना।** बिहार के जमुई जिले के बरहट थाना परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद एक प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। फेसबुक पर हुई दोस्ती प्यार में बदली और जब लड़के के घरवालों ने दूसरी जगह शादी तय कर दी, तो प्रेमिका ने थाने पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को बुलाया, लंबी बहस चली, और फिर आखिरकार थाने के बजरंगबली मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। बरहट थाना क्षेत्र के भूदानपूरी गांव के संदीप मांझी लखीसराय के एक कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे। फेसबुक पर उनकी दोस्ती मटिया मोहनपुर गांव की सुहाना कुमारी से हुई। बातचीत बढ़ी, मोबाइल नंबर बदले, और धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार गहरा हो गया। करीब एक साल तक दोनों का प्रेम-प्रसंग चलता रहा।

### हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद हुई शादी

जब संदीप के घरवालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी, तो सुहाना को यह मंजूर नहीं हुआ। उसने सीधे बरहट थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई और संदीप से शादी की इच्छा जताई। थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने दोनों पक्षों को बुलाया, जिसके बाद थाने में जमकर बहस हुई।




+Terms and conditions apply. #Cashback Offer is available on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Schemes of Scratch & Win with assured gift and ₹2000 Exchange Bonus on all models are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers. *This scheme is for both Finance & Cash Customers. *The offers are applicable in Uttar Pradesh, Uttarakhand, Madhya Pradesh, Chhattisgarh only. *Scheme can be withdrawn from the market without prior notice. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: Institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com